हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.1 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री




केस-01
### साइंस सेंटर के सामने युवक की पिटाई
पिछले महीने पंडरी थाना क्षेत्र के साइंस सेंटर रोड पर 10-15 युवकों के गुट ने मिलकर आपसी रंजिश पर एक युवक को दौड़ा-दौड़ाकर बेरहमी से शेष पेज 13 पर

केस-02
### बीच सड़क पर पटका-पटकी
डीडीनगर थाना क्षेत्र के महादेव घाट रोड पर दो माह पूर्व बीच सड़क में युवक-युवतियों के बीच जमकर लात घूंसे चलने के साथ पटका- शेष पेज 13 पर

घटना में एक युवक का सिर फटा, कार का विंड स्क्रीन टूटा

# थम ही नहीं रही गुंडागर्दी... सरेआम दो गुटों ने जमकर भांजी लाठी, बरसाए पत्थर, कार से कुचलने की कोशिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

डीडीनगर थाना क्षेत्र के मैत्रीनगर जाने वाले मार्ग पर गुरुवार देर शाम आपसी रंजिश पर दो गुटों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी चलाने के साथ पत्थरबाजी की। पत्थरबाजी की घटना में एक युवक का सिर फट गया है। एक गुट ने कार पर पत्थरबाजी जिससे कार का विंड स्क्रीन टूट गया है। पता चला है कि कार सवार ने भी पत्थरबाजों को कुचलने की कोशिश की। घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। घटना की किसी भी पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, जिन शेष पेज 13 पर



### वायरल वीडियो की जांच करने की बात कह रही पुलिस

#### लाठी, पत्थर बरसते देख लोग डरे
विवाद के दौरान एक गुट ने दूसरे गुट को कार से रौंदने की कोशिश की। व्यस्त मार्ग पर लाठी, पत्थर बरसते देख लोग सहम गए। आते-जाते लोग जहां थे, वहीं थम गए। इस दौरान किसी राहगीर ने लड़ाई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बताया जा रहा है, विवाद बढ़ने के 15 मिनट पूर्व बीच रास्ते में दोनों गुट एक दूसरे के साथ विवाद करते रहे। इस दौरान दोनों गुट हिंसक हो कर एक दूसरे के साथ भिड़ गए।

#### बीच रोड में खुलेआम गुंडागर्दी आम हो गई
बीच सड़क में मारपीट, गुंडागर्दी करने की घटना राजधानी में आम बात हो गई है। बदमाशों के खिलाफ नकेल नहीं कसने की वजह से बदमाशों का पुलिस के प्रति भय समाप्त होता जा रहा है। इसके चलते बदमाशों का बीच रोड पर हंगामा करने की घटना आम हो गई है। ऐसी घटना होने पर लोग पुलिस को सूचना देने के बजाय वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने में तत्परता दिखा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### तीन साल पहले युवती से रेप, आरोपी को उम्रकैद
**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व युवती को लिफ्ट देने के बहाने सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश शांतनु कुमार देशलहरे की फास्टट्रैक कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विजयश्री बिसेन के अनुसार, भूपेंद्र वर्मा को कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है। रायपुर से मंदिर हसौद जाने निकली 22 वर्षीय युवती ने नवागांव ब्रिज के पास बस से उतरकर भूपेंद्र से रिम्स जाने लिफ्ट मांगी। भूपेंद्र युवती को लिफ्ट देने के बाद उसे रिम्स छोड़ने के बजाय एमएम फन सिटी के पास सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ अनाचार किया। उसके बाद रास्ते में युवती के सिर पर टिफिन से हमला कर घायल कर रिम्स अस्पताल के पास बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गया था।

### गोलगप्पे खा लिए, पैसे मांगने पर चाकू से हमला
**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने गुपचुप खाने के बाद ठेले वाले पर चाकू से हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आहत



संदीप कुमार कुशवाहा के भाई रंगबहादुर की शिकायत पर पुलिस ने प्रांजल चौबे को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के भाई ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसका भाई आजाद चौक के पास चाट-गुपचुप का ठेला लगाया था। प्रांजल, संदीप के पास गुपचुप खाने गया। पैसे मांगने पर विवाद करते हुए प्रांजल ने संदीप के ऊपर चाकू से हमला कर फरार हो गया।

### मोबाइल हैक कर 3.16 लाख रुपए की ठगी
**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक बीमा सलाहकार ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ मोबाइल हैक कर उसके क्रेडिट कार्ड से 3.16 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामसागर पारा निवासी शोभित खंडेलवाल ने ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शोभित ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसका मोबाइल हैक हो गया। दोपहर बाद उसके पास क्रेडिट कार्ड से रुपए आहरण करने के मैसेज आने लगा। शोभित अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराने के बाद ठगी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा।

### ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत, साथी गंभीर
**रायपुर।** राजनांदगांव झांकी देखने जा रहे एक युवक की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई तथस एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। आमानाका पुलिस के अनुसार मूलरूप से बस्तर का रहने वाला कमल किशोर मांझी अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ दो बाइक में सवार होकर झांकी देखने जा रहा था। चंदनीडीह पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक सीजी-04, एनजेड-6921 के चालक ने कमल की बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से गिरे कमल का सिर ट्रक के पहिये से बुरी तरह से कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट में बाइक पर सवार कमल के एक साथी के दोनों पैर कुचल गए।

मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भी नहीं होंगे छात्रसंघ चुनाव, मनोनयन आदेश जारी करने की भी सुध नहीं

# 25 वर्षों में सिर्फ 3 बार छात्रसंघ चुनाव, बीते तीन सत्रों से 'मनोनयन छूमंतर', इस बार भी समय सीमा खत्म

रुचि वर्मा ▶▶ रायपुर

खास खबर

प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में इस वर्ष भी छात्रसंघ चुनाव नहीं होंगे। यही नहीं सत्र 2022-23 के बाद यह लगातार चौथा वर्ष है, जब शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार छात्रसंघ गठन की तिथि बीत जाने के बाद मनोनयन को लेकर भी आदेश जारी नहीं किया जा सका है। राज्य निर्माण के 25 साल पूर्ण होने जा रहे हैं। इन 25 वर्षों में विश्वविद्यालयीन स्तर पर सिर्फ तीन बार ही छात्रसंघ चुनाव हुए हैं। स्पष्ट है कि अपनी स्थापना की रजत जयंती मनाने जा रहे छग राज्य में छात्र राजनीति की स्थिति विचारनीय हो चुकी है।

हालात ये हैं कि पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मनोनयन की अधिसूचना भी जारी नहीं की गई है। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, सत्र 2025-26 में अगस्त अंत तक छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी। इस तरह से लगातार चौथे वर्ष समय-सीमा बीत जाने के बाद भी मनोनयन का आदेश जारी नहीं किया जा सका है। 2000 से 2025 के तक केवल तीन वर्ष 2014, 2015 और 2016 में विश्वविद्यालयीन स्तर पर छात्रसंघ चुनाव हुए। 2014 में सुरेंद्र साहू, 2015 में प्रखर मिश्रा और 2016 में वैभव ठाकुर ने पं.रविशंकर शुक्ल विवि का अध्यक्ष चुनाव जीता। इनमें से वैभव ठाकुर को तत्कालीन कुलपति प्रो.एसके पांडेय पर स्याही फेंके जाने की घटना के चलते बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद प्रदेशभर में छात्रसंघ चुनाव पर बैन लगा दिया गया।

- 1993 से बैन हुए विवि चुनाव पर 2014 में हटी थी रोक, 2017 से पुन: चुनाव बंद
- 2022 में आदेश जारी कर उच्च शिक्षा विभाग ने हटा दिए थे मनोनीत पदाधिकारी

#### जोगी शासनकाल में हुए सिर्फ महाविद्यालयीन चुनाव
2000 में राज्य निर्माण हुआ। स्वर्गीय अजीत जोगी प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने। उनके शासनकाल में वर्ष 2000 से 2003 तक महाविद्यालयों में चुनाव हुए, लेकिन विवि में नहीं। छात्रों ने महाविद्यालयीन स्तर पर अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी चुने, लेकिन विवि स्तर पर किसी भी पदाधिकारी का मनोनयन या चुनाव नहीं हुआ। इस तरह से 1993 के बाद कॉलेज छात्रों को मतदान का अधिकार तो मिला, लेकिन सीमित स्तर पर ही।



#### ...जब छीने गए मनोनीत पदाधिकारियों से पद
कोरोनाकाल के पूर्व तक उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालयों को मनोनयन के संदर्भ में आदेश जारी किया जाता रहा है। मेरिट बेस पर महाविद्यालय और विवि में मनोनयन होता रहा है। वर्ष 2022 में किसी तरह का कोई आदेश जारी नहीं हुआ। पूर्व परंपरा को ही आधार बनाते हुए महाविद्यालयों ने स्वतः छात्रसंघ गठन कर लिए। मध्य सत्र में उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर मनोनयन निरस्त करने आदेश दिए। इस तरह पहली बार मनोनीत पदाधिकारियों से भी उनके पद छीन लिए गए।

#### छात्रों की समस्याएं यथावत

पिछले कई वर्षों से छात्र संसद चुनाव नहीं हो रहे हैं। इसका सीधा असर छात्रों की समस्याओं पर पड़ रहा है, क्योंकि उनकी आवाज उठाने वाला प्लेटफॉर्म ही खत्म हो गया है। चुनाव से उभरकर आने वाले योग्य छात्रनेता सामने नहीं आ पा रहे हैं। चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की, विद्यार्थी परिषद लगातार प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव की मांग करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा।
- **प्रथम राव फुटाने,** रायपुर महानगर मंत्री, एबीवीपी

#### लोकतांत्रिक सशक्तिकरण का मार्ग

छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की सबसे पहली पाठशाला मानी जाती है। सीएम सहित कई लोकप्रिय जननेता छात्र राजनीति से ही जन्मे हैं। शासन को यदि लोकतंत्र पर भरोसा है, तो उसे नियमित छात्रसंघ चुनाव कराना चाहिए। इससे लोकतांत्रिक परंपरा सशक्त होगी।
- **शांतनु झा,** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष

#### नहीं चाहिए सवाल पूछने वाले युवा

कोई नहीं चाहता है कि छात्रसंघ चुनाव हो। इससे पढ़े-लिखे युवा नेतृत्व उभरकर सामने आते हैं, जो सवाल पूछते हैं। सवाल पूछने वाले युवा किसी को नहीं चाहिए। छात्रहित की आवाज ही बंद हो गई है।
- **प्रखर मिश्रा,** रविवि अध्यक्ष (2015-16)

#### आदेश नहीं

उच्च शिक्षा विभाग से मनोनयन को लेकर कोई आदेश अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश मिलते ही महाविद्यालयों को प्रेषित किया जाएगा।
- **प्रो. राजीव चौधरी**
मीडिया प्रभारी, रविवि

#### अगस्त अंत तक होना था गठन

शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, अगस्त अंत तक छात्रसंघ का गठन किया जाना था। हमें मनोनयन के संदर्भ में भी कोई अधिसूचना प्राप्त नहीं हुई है। चुनाव ना होने से सामाजिक नेतृत्व क्षमता कम हुई है।
- **डॉ. देवाशीष मुखर्जी,** सचिव
निजी महाविद्यालय संघ

# एमडीएमए ड्रग मामले में इवेंट मैनेजर गिरफ्तार पूर्व में करता था पंडिताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में बड़े पैमाने पर ड्रग खपाने की जांच में शहर के कई रसूखदार लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। एमडीएमए तस्करी में पुलिस ने नव्या मलिक के एक सहयोगी जो पूर्व में पंडिताई का काम करता था, जो आगे चलकर इवेंट का काम करने लगा, उस युवक को गिरफ्तार किया है। युवक सदर बाजार इलाके का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक वीआईपी रोड स्थित एक क्लब में छापा मारने गई क्राइम टीम को देख एक संदिग्ध चकमा देकर फरार हो गया।

- अब तक 10 लोगों की पुलिस कर चुकी है गिरफ्तारी
- क्लब में छापा मारने गई पुलिस को एक संदिग्ध चकमा देकर हुआ फरार

ड्रग मामले में पुलिस ने भावेश शर्मा नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है, भावेश नव्या का बेहद शेष पेज 13 पर



#### पुलिस को चकमा देकर भागा संदिग्ध
राजधानी के क्लब, होटलों में हेरोइन चिट्टा, एमडीएमए खपाए जाने की पुष्टि होने पर पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम क्लब तथा होटलों में नजर रखने लगी है। इसी कड़ी में वीआईपी रोड स्थित एक क्लब में एमडीएमए मामले का संदिग्ध जो होटल कारोबारी का बेटा है, वह अपनी पत्नी के साथ बुधवार रात वीआईपी रोड स्थित क्लब गया था। वहां पहले से मौजूद क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों को देख चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद क्राइम की टीम ने क्लब की सारी लाइटें जलवाकर उस संदिग्ध के छिपे होने पर उसे बाहर निकलने अनाउंसमेंट कराया। नहीं मिलने पर पुलिस ने क्लब मैनेजर तथा वहां के कर्मियों को उनके द्वारा संदिग्ध के छिपाए जाने या फरार कराने में शामिल होने पर कार्रवाई करने चेतावनी दी है।

#### नव्या को कारोबारी साथ लेकर घूमता था
शराब सहित कई अन्य घोटालों में जेल में बंद एक होटल कारोबारी के नव्या को अपने साथ लंबे अरसे तक कार में सैर कराए जाने की पुलिस को जानकारी मिली है। पुलिस इस दिशा में भी काम कर रही है आखिर नव्या अपने पिता की उम्र के कारोबारी के साथ कार में अकेले क्यों घूमने के लिए जाती थी, पुलिस को आशंका है कि नव्या उस होटल कारोबारी के साथ भी मिलकर ड्रग सप्लाई करने का काम करती रही होगी। आने वाले दिनों में ड्रग तस्करी मामले में भावेश से पूछताछ करने के बाद पुलिस अन्य लोगों की गिरफ्तारी कर सकती है।

# शहर की 32 पानी टंकियों से शनिवार की सुबह नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की 32 पानी टंकियों से 13 की सुबह जल आपूर्ति नहीं होगी। पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत की वजह से यह स्थिति रहेगी। मरम्मत के लिए 10 घंटे का शटडाउन शुक्रवार की रात्रि में लिया जाएगा।

- राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज, 10 घंटे रहेगा शटडाउन
- 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के राइजिंग लाइन में लीकेज

दरअसल, जल विभाग के 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट का रॉ वाटर 1400 एमएम व्यास की एचएस राइजिंग लाइन में भाठागांव के पास लीकेज का पता चला है। कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र का कहना है, लीकेज मरम्मत के लिए 10 घंटे का शटडाउन शुक्रवार को रात्रि में लिया जाएगा। इसके कारण 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट से भरने वाली टंकियों में 13 सितंबर को सुबह जलप्रदाय नहीं होगा। प्रभावित टंकियों में भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडीनगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीरनगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंतिविहार पानी टंकी, मंडी, मोवा, सड्डू, दलदलसिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी की शेष पेज 13 पर

# कस्टम मिलिंग केस में एक और अरेस्ट 20 करोड़ वसूलने का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के चर्चित 140 करोड़ रुपए से ज्यादा कस्टम मिलिंग घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने जेल में बंद अनवर ढेबर के सहयोगी दीपेन चावड़ा को गिरफ्तार किया है। दीपेन से पूछताछ करने ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने सात दिनों की पुलिस रिमांड हासिल की है। आरोप है कि ईओडब्लू में दर्ज अन्य प्रकरणों में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि उगाही का दीपेन प्रबंधक था। इस वजह से पूछताछ करने सात दिनों की पुलिस रिमांड हासिल की गई है।

ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के मुताबिक कस्टम मिलिंग स्कैम में दीपेन चावड़ा द्वारा 20 करोड़ रुपए लोकसेवकों की ओर से एकत्र करने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। कस्टम मिलिंग स्कैम में फरवरी 2025 में तत्कालीन प्रबंध सचालक मनोज सोनी एवं रोशन चंद्राकर के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी के विशेष न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया है एवं प्रकरण में अनिल टूटेजा एवं अनवर ढेबर के खिलाफ विवेचना जारी है। कस्टम मिलिंग घोटाला तथा कई अन्य घोटाला में कलेक्शन मैनेजमेंट में दीपेन का लगातार नाम सामने आने तथा उसकी संलिप्तता के प्रमाण मिलने पर ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार किया है।

#### पूछताछ करने ईओडब्लू ने सात दिन की रिमांड हासिल की


- अफसरों को देने 20 करोड़ रुपए कलेक्शन करने के प्रमाण मिलने का दावा

#### ईडी के बाद ईओडब्लू ने दर्ज किया था अपराध
कस्टम मिलिंग में बड़े पैमाने पर घोटाला होने की शिकायत मिलने पर ईडी ने वर्ष 2023 में जांच शुरू की। इस बीच आयकर विभाग की टीम ने मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी के निवास पर छापे की कार्रवाई की। कार्रवाई में आयकर अफसरों को कई संदिग्ध दस्तावेज मिले। दस्तावेजों के आधार पर बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग होने की आशंका पर आयकर विभाग ने दस्तावेज ईडी के सुपुर्द कर दिया। दस्तावेजों की पड़ताल के बाद ईडी ने मनोज सोनी के निवास पर छापे की कार्रवाई की। कार्रवाई के दो दिन बाद ईडी ने 140 करोड़ रुपए घोटाला होने का दावा किया। इसके बाद सरकारी पद का दुरुपयोग करने पर ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर जनवरी 2024 में ईओडब्लू ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माना तथा कोतवाली थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवती सहित चार लोग घायल हुए हैं, एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों सड़क दुर्घटनाओं में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ



चौक में हुए एक्सीडेंट में हेलमेट पहनकर बाइक चला रहे युवक की जान बच गई, जबकि बाइक के पीछे बैठे युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सामने एक तेज रफ्तार कार बाइक सवार दो आईटीआई के छात्रों की दोपहिया को ठोकर मार शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# पीएम सूर्य घर योजना में ज्यादा बिजली होने पर प्रति यूनिट के मिलेंगे 2.60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाने वालों का बिजली उत्पादन अगर ज्यादा होता है, तो उनकी बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी 2.60 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदेगी। इसका हिसाब साल में एक बार होगा और उपभोक्ता की ज्यादा बिजली होने पर उनको पैसा मिलेगा। जहां तक पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली का सवाल है, तो सौ यूनिट की खपत करने पर करीब पांच रुपए यूनिट तक लग जाते हैं। ज्यादा खपत पर ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बिजली के उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर अपने घरों की छत पर बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार से सब्सिडी भी दी जा रही है। जहां तीन किलोवाट के लिए केंद्र सरकार से 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी इसके लिए 30 हजार रुपए दे रही है। तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने की लागत करीब एक लाख 80 हजार तक आती है। ऐसे में उपभोक्ता को अपनी जेब से 70 से 72 हजार ही लगाने पड़ रहे हैं।

■ पॉवर कंपनी से मिलने वाली बिजली के दाम पांच रुपए और इससे ज्यादा



### तीन किलोवाट में 360 यूनिट बिजली

*पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक किलो वाट के सोलर पैनल में रोज करीब चार यूनिट बिजली बनती है। ऐसे में एक किलोवाट में 120 यूनिट बिजली मिल जाती है। ऐसे में तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 360 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। आमतौर पर जिनकी जितनी खपत है उसके हिसाब से ही उपभोक्ता सोलर पैनल का चयन करते हैं। लेकिन पॉवर कंपनी ज्यादा बिजली को खरीद भी रही है तो ऐसे में उपभोक्ता खपत से ज्यादा बिजली की उत्पादन करने के लिए भी सोलर लगा रहे हैं।*

### ज्यादा बिजली लेगी पॉवर कंपनी

अगर किसी उपभोक्ता की बिजली की खपत हर माह दो सौ यूनिट ही है और उसने तीन किलो वाट का सोलर पैनल लगाया है तो इसकी 12 से 15 सौ यूनिट की बिजली अगर साल भर में बचती है तो इसके पैसे पॉवर कंपनी देगी। लेकिन इसकी कीमत उपभोक्ता को महज 2.60 रुपए प्रति यूनिट के

### पॉवर कंपनी की बिजली पांच रुपए

पॉवर कंपनी जो बिजली उपभोक्ताओं को देती है। वह पांच रुपए यूनिट से कम नहीं पड़ती है। पहले सौ यूनिट का टैरिफ भले 4.10 रुपए है। लेकिन इसमें जहां दस पैसे प्रति यूनिट सेस के लगते हैं। वहीं इसी के साथ इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 11 फीसदी है। ऐसे में 4.10 रुपए पर 45 पैसे इसके लग जाते हैं। इसके अलावा प्रति किलो वाट पर 20 रुपए शुल्क है। ये सब मिलाकर 4.85 रुपए होते हैं। एफपीपीएएस शुल्क अलग से लगता है। यह कभी पांच फीसदी तो कभी दस फीसदी से ज्यादा हो जाता है। ऐसे में सौ यूनिट की खपत पर पांच रुपए से ज्यादा ही लगते हैं। सौ यूनिट से ज्यादा की खपत पर कीमत और बढ़ जाती है।

### ज्यादा बिजली के देंगे पैसे

पीएम सूर्य घर योजना में जिन उपभोक्ता का उत्पादन खपत से ज्यादा होगा, उसका साल में एक बार मार्च में हिसाब करके उनको 2.60 रुपए के हिसाब से पैसे दिए जाएंगे।

**- भीम सिंह कंवर**
एमडी
वितरण कंपनी

---

## खबर संक्षेप

### डॉ. रमन बेंगलुरु में सीपीए सम्मेलन में होंगे शामिल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गुरुवार की शाम को रायपुर से बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। वे 12 और 13 सितंबर को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह विधायी संस्थानों में संवाद और चर्चा जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनके संबोधन में लोकतंत्र की नींव माने जाने वाले संवाद, बहस और सहमति की प्रक्रिया को जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम कैसे बनाया जा सकता है, इस पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा।

### राज्योत्सव में होगा वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले राज्योत्सव पर भारतीय वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन होगा। सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में आकर्षक करतब दिखाएगी। इस शौर्य प्रदर्शन में वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में विमानन विभाग एवं वायु सेना के अधिकारियों ने विभिन्न तकनीकी जानकारी प्रस्तुत की। अपर मुख्य सचिव श्री साहू ने वायु सेना के शौर्य प्रदर्शन के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

---

### विधायक निधि से फंड खर्च करने में खुशवंत, सोनी, मूणत, मोतीलाल आगे, पुरंदर, इंद्रकुमार, अनुज पिछड़े

# जिले में 5 माह में 288 कार्यों के लिए 13 करोड़ रुपए की अनुशंसा, इसमें 4 करोड़ के 83 कार्यों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधायक निधि के तहत विधायकों ने अभी तक 13 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत के 288 कार्यों को मंजूरी दिलाने के लिए अनुशंसा की है, जिनमें से 4 करोड़ 9 लाख रुपए की कुल लागत के 83 कार्यों को ही योजना एवं सांख्यिकी विभाग से मंजूरी मिल पाई है। वहीं शेष 205 कार्यों को मंजूरी की प्रक्रिया पर कार्यवाही जारी है। इधर वित्तीय वर्ष के 5 माह गुजर चुके हैं तथा 6वां महीना प्रगति पर है। इस तरह लगभग आधा साल गुजरने को है, लेकिन सातों विधानसभा क्षेत्र में से गुरु खुशवंत साहेब एवं सुनील सोनी ही दो ऐसे विधायक हैं, जिनके द्वारा विधायक फंड की 50 प्रतिशत से ज्यादा राशि के कार्यों को मंजूरी दिलाने अनुशंसा की है। हालांकि इन दोनों विधायकों की अनुशंसा पर बहुत कम राशि के कार्यों को मंजूरी मिल पाई है। राजेश मूणत एवं मोतीलाल साहू का भी फंड खर्च करने में प्रदर्शन अच्छा है। वहीं पुरंदर मिश्रा, इंद्रकुमार साहू एवं अनुज शर्मा खर्च करने में बहुत पीछे हैं।



### कौन से विधायक ने कितने कार्य-राशि की अनुशंसा की, कितने की मिली स्वीकृति

| विधायक | अनुशंसा कार्य-राशि | स्वीकृत कार्य-राशि |
|---|---|---|
| मोतीलाल साहू | 16- 1 करोड़ 37 लाख | 8- 63 लाख 70 हजार |
| राजेश मूणत | 45- 1 करोड़ 14 लाख | 44- 70 लाख |
| पुरंदर मिश्रा | 4- 23 लाख | 1- 5 लाख |
| सुनील सोनी | 44- 2 करोड़ 66 लाख | 8- 56 लाख |
| इंद्रकुमार साहू | 7- 35 लाख | 7- 35 लाख |
| अनुज शर्मा | 11- 69 लाख | 1- 10 लाख |
| गुरु खुशवंत साहेब | 32- 2 करोड़ 93 लाख | 1- 10 लाख |

### प्रभारी निधि से स्वीकृत कार्य-राशि

इन सातों विधानसभा क्षेत्रों में प्रभारी निधि से भी कई कार्यों को स्वीकृति मिली है। इनमें रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 70 लाख रुपए की लागत से 8 कार्य तथा धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में 90 लाख रुपए की लागत से 9 कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

### सालाना 4 करोड़ मिलता है विधायक निधि फंड

विधायक निधि के तहत प्रत्येक विधायक को सालाना 4 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार जारी करती है। इस फंड को विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता हित से जुड़े विकास कार्यों पर खर्च करते हैं। इस राशि से मूलभूत सुविधा सड़क, पानी, नाली, बिजली, स्कूल मरम्मत, अतिरिक्त भवन, सामुदायिक भवन सहित अन्य कई तरह के जनहित से संबंधित कार्यों को स्वीकृति दी जाती है। विधायकों की स्वीकृति के बाद इन कार्यों के प्रस्ताव बनाकर योजना एवं सांख्यिकी विभाग को भेजा जाता है, जिस पर अंतिम मुहर लगाई जाती है।

### कार्य स्वीकृत कराने में मूणत सबसे आगे, अनुज-खुशवंत सबसे पीछे

विधायक निधि से कार्य स्वीकृत कराने में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत सबसे आगे हैं। योजना एवं सांख्यिकी विभाग को उन्होंने 45 कार्यों की अनुशंसा की, जिनमें से 40 कार्यों को मंजूरी मिल चुकी है। इसी प्रकार अन्य विधायकों में सुनील सोनी, मोतीलाल साहू एवं सुनील सोनी ने 8-8, इंद्रकुमार साहू ने 7 तथा गुरु खुशवंत साहेब एवं अनुज शर्मा 1-1 कार्य ही स्वीकृत करा पाए हैं। हालांकि विधायक निधि के अलावा प्रभारी निधि से भी कई कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

### प्रस्ताव आने पर नियम के तहत स्वीकृति दी जा रही

विधायकों के जैसे-जैसे प्रस्ताव आ रहे हैं, उन्हें नियमानुसार स्वीकृति दी जा रही है।

- यूसुफ कुजूर, उप संचालक
योजना एवं सांख्यिकी रायपुर

### मेंटेनेंस के कार्य ज्यादा हैं

मेंटनेंस के कार्य ज्यादा हैं तथा छूटे हुए क्षेत्र रायपुरा, हीरापुर, सरोना आदि में विकास कार्यों पर ज्यादा फोकस रहेगा। विधायक निधि राशि खर्च करने के लिए 6 माह बचे हैं, इस राशि का जनता के हित में इस्तेमाल कर प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

- राजेश मूणत, विधायक
रायपुर पश्चिम

### फंड का सही इस्तेमाल हो

फंड का सही इस्तेमाल हो, इसके लिए लगातार गांव-गांव जाकर बैठकें कर रहा हूं। बैठकों में इन ग्रामों में सबसे बड़ी समस्या क्या है, जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है, गांव में कौन से विकास कार्यों की जरूरत है, इसे देखने के बाद कार्यों को स्वीकृति दे रहा हूं।

- इंद्रकुमार साहू,
विधायक, अभनपुर

### हर वार्ड का विकास प्राथमिकता

मेरे विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड का विकास हो, यह मेरी प्राथमिकता है। इसके तहत ही कार्य को स्वीकृति दे रहा हूं।

- पुरंदर मिश्रा
विधायक, रायपुर उत्तर

---

**बयान**

## सांसद पांडेय बोले- भाजपा में सब चौकीदार, कांग्रेस में चमचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने कहा, भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता एक सेवक की तरह होता है, जो हर परिस्थिति में देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधान सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं और देश को लगातार विकसित बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता नहीं होते, सभी नेता होते हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी हमेशा अंतर्कलह से जूझती रहती है। भाजपा में सब कार्यकर्ता चौकीदार हैं, तो वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ता चमचे हैं।

■ कांग्रेस में लगातार चल रहा चर्चित होने का दौर

श्री पांडेय ने कहा, कांग्रेस के नेता कभी अपने कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कहकर संबोधित करते हैं, तो कोई चमचा बताते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए चमचा शब्द का उपयोग किया है। श्री पांडेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, भूपेश बघेल को एक बार फिर से कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वैसे भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज अपनी उधार की कार्यकारिणी चला रहे हैं।

### गुटबाजी के कारण कार्यकारिणी घोषित नहीं कर पाए

श्री बैज ने अपने कार्यकाल के दो साल से ज्यादा समय निकाल दिया है, लेकिन आज तक गुटबाजी के कारण अपनी कार्यकारिणी घोषित तक नहीं कर पाए। बिलासपुर में इसका और उदाहरण देखने को मिला। कांग्रेस के एक आदिवासी नेता जब भाषण दे रहे थे तो जबदस्ती उनसे माइक छीन कर उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। श्री पांडेय ने कहा, कांग्रेस के भीतर संवाद की स्थिति कम और विवाद की स्थिति ज्यादा है। टीएस बाबा के साथ क्या हुआ, सब जानते हैं। कांग्रेस में बयानबाजी का दौर चल रहा है। रविंद्र चौबे के बाद अब ताम्रध्वज साहू के बयान बताते हैं कि कांग्रेस के भीतर कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है और कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को लगातार अपमानित किया जा रहा है।

---

## यशवंत जैन ने कहा- जीएसटी की दरों में कमी का मिलेगा जनता को लाभ

रायपुर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, व्यवसायी प्रकोष्ठ एवं आर्थिक प्रकोष्ठ की बैठक में जीएसटी की दरों में कमी करने से आम जनता को मिलने वाले फायदे पर व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के साथ चर्चा की गई। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कहा, देश के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



द्वारा आम जनता को राहत देने के लिए जीएसटी की दरों में इतनी बड़ी कमी की गई है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना ने कहा, पहले दवाई एवं स्कूल–कॉलेज में उपयोग होने वाले इंस्ट्रूमेंट में भी टैक्स लगता था, जिसे प्रधानमंत्री ने पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक राजेश अग्रवाल ने कहा, कोरोना काल में 80 करोड़ आम जनता को अनाज मुफ्त देने के बावजूद भारत सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती करना सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। बैठक में प्रमुख रूप से सुभाष अग्रवाल, बजरंग खंडेलवाल,राजकुमार राठी, संतोष बैद, नितेश दुबे,महावीर चोपड़ा, रोहित द्विवेदी, सौरभ पाठक, संतोष शर्मा, मिथिलेश सिंह, जयेश बोथरा, अरुण झा, सुजीत परिहार, यश शर्मा, रामकृष्ण खेड़िया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कृषक रजत संवाद में कृषकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**रायपुर।** कृषकों को रजत संवाद कार्यक्रम के तहत तकनीकी हस्तांतरण, कम लागत में अधिक आय प्राप्त करने की कार्ययोजना के साथ आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 16 सितंबर तक चलेगा। शिविर में अब तक नवीन केसीसी के 164, निष्क्रिय केसीसी को सक्रिय करने के 155, पी.एम.किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 124 एवं एग्रीस्टेक पंजीयन के 283 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## सरकारी कर्मियों के जीपीएफ खातों को लेकर वित्त ने जारी किए समेकित निर्देश, ऐसे होगा अंतिम भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के शासकीय कर्मियों के सामान्य भविष्य निधि खाते (जीपीएफ) के संबंध में नए समेकित निर्देश जारी किए हैं। यह सामान्य भविष्य निधि खातों के उचित रखरखाव, गुमशुदा क्रेडिट के निराकरण, ऋणात्मक शेषों की रोकथाम एवं अंतिम भुगतान के त्वरित निराकरण और भुगतान के संबंध में हैं।

**निर्देश में कही ये बात :** सामान्य भविष्य निधि नियम के प्रावधानुसार परिलब्धियों के 12 प्रतिशत के समान न्यूनतम कटौती किये जाने का प्रावधान है, परन्तु शासन आदेश द्वारा अभिदाता को निधि में अधिक रकम जमा किये जाने का निर्देश दे सकेगा, जो उनकी परिलब्धियों से अधिक नहीं होगी। परिलब्धि की गणना के लिए वेतन, अवकाश वेतन अथवा निर्वाह अनुदान जैसा कि सेवा नियमों में परिभाषित है तथा बाह्य सेवा के दौरान वेतन के रूप में पात्र कोई पारिश्रमिक शामिल होगा। महंगाई भत्ता शामिल नहीं है।

**जीपीएफ अंतिम भुगतान प्रक्रिया**

वित्त ने इसी आदेश में सामान्य भविष्य निधि से अंतिम भुगतान की प्रक्रिया तय की है। सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान के संबंध में सर्वप्रथम अंतिम सेवा वर्ष (या इसके ठीक पूर्व वर्ष की) की सामान्य भविष्य निधि लेखा पर्ची के साथ अनुसूची-5 अथवा अनुसूची-7 (जो लागू हो) संलग्न करना अनिवार्य है। सामान्य भविष्य निधि से अंतिम भुगतान प्रदान हेतु संपूर्ण सेवा काल में स्वीकृत किये गये आंशिक अंतिम विकर्षण ( पार्ट फायनल विड्राल) की सत्यापित सूची संलग्न करना अनिवार्य है। अभिदाता स्वयं आहरण संवितरण अधिकारी है, उन प्रकरणों में सूची पर नियंत्रण अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाए।

**पासबुक अपडेट होनी चाहिए**

सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान प्रमाण हेतु शासकीय सेवक की मूल सामान्य भविष्य निधि पासबुक को अद्यतन कर संलग्न करना अनिवार्य है। यदि किसी कारण से (गुम होना या नष्ट होना आदि) मूल सामान्य भविष्य निधि पासबुक नहीं है तो इसके स्थान पर डुप्लीकेट सामान्य भविष्य निधि पासबुक संलग्न की जाये। इसके साथ ही मूल सामान्य भविष्य निधि पासबुक उपलब्ध न होने या नष्ट होने का एक शपथ पत्र संबंधित शासकीय सेवक एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा अनिवार्यतः प्रमाण के साथ संलग्न किया जाए। सेवानिवृत्ति के 1 वर्ष पूर्व से ही सामान्य भविष्य निधि पासबुक को अद्यतन करने की कार्यवाही की जानी चाहिए। सेवानिवृत्ति के 4 माह पूर्व अभिदाता के खाते से अंशदान की कटौती बंद कर दी जानी चाहिए।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 08/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- बोरियाकला प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदिका श्रीमती सुनीता अग्रवाल पति श्री नील कमल अग्रवाल निवासी लौमुंडा जिला बारगड ओडिसा** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 739/10 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 08/09/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **19/09/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती निर्मला देवी वर्मा, उम्र 60 वर्ष, पति श्री रामलोचन वर्मा, निवासी-गुढ़ियारी रोड कुम्हारबाड़ा, श्रीनगर, थाना खमतराई, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा खसरा नं. 445/49 का भाग, रकबा 793 वर्गफीट भूमि जिसमें पूरे रकबे में 793 वर्गफुट पर झोपड़ीनुमा मकान निर्मित है, जो कि मौजा ग्राम खमतराई, प.ह.नं. -38, रा.नि.मं. रायपुर - 6 खमतराई, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि का विक्रय इकरारनामा दिनांक 25.03.2025 को कुल राशि 63,44,000/- रूपये (अक्षरी तिरसठ लाख चौवालिस हजार रूपये) में सम्पूर्ण चुकता की दर से विक्रेता रविशंकर चक्रधारी, छोटू चक्रधारी, सोनी चक्रधारी, अंजू चक्रधारी, श्रीमती सुमन चक्रधारी, श्रीमती गीता चक्रधारी के साथ विक्रय इकरारनामा का निष्पादन हुआ है मेरे पक्षकार के द्वारा भू-स्वामी विक्रेतागण को कुल राशि 45,44,000/- रूपये (अक्षरी पैतालिस लाख चौवालिस हजार रूपये) विक्रय प्रतिफल की राशि अदा की जा चुकी है मात्र 18 लाख रूपये देकर विक्रय पंजीयन कराना शेष है। विक्रेतागणो के द्वारा इकरारशुदा भूमि का बी-1, संशोधित खसरा व राजस्व अभिलेख को इकरारनामा दिनांक 25.03.2025 से एक माह भीतर मेरे पक्षकार को किया जाना तय हुआ था परन्तु विक्रेतागणों के द्वारा इकरारशुदा भूमि के सौदे की तय राशि मे से अधिकांश राशि प्राप्त करने के उपरांत विक्रेतागणो के द्वारा इकरारशुदा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष मे नही कराया जा रहा हैं एवं मेरे पक्षकार के साथ हुये इकरारशुदा भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है । अतः सर्वसाधारण आम जनता, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, साहूकार, वित्तीय संस्था को सूचित किया जाता है कि विक्रेतागणों के द्वारा मेरे पक्षकार के साथ हुये विक्रय इकरारशुदा भूमि, संपत्ति का किसी प्रकार से कोई विक्रय संव्यवहार या स्वामित्व हस्तांतरण, ऋण, बंधक, या किसी प्रकार का कोई भी संव्यवहार ना करे यदि किया जाता है तो वह संव्यवहार मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही रहेगा।

सो सूचित जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 11/09/2025

**विवेक तनवानी (अधिवक्ता)**
**कार्या. लाखेनगर चौक, गौतम नगर, हिन्द स्पोटिंग ग्राऊण्ड के सामने, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 62610-20102**

**//शपथ पत्र//**

मै हर्षवर्धन वर्मा HARSHWARDHAN VERMA उम्र 45 वर्ष पिता स्व० श्री नारायण प्रसाद वर्मा, निवासी ग्राम पोंड, रायपुर जिला 'रायपुर छ०ग० शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही हैं।
2. यह कि मेरी पुत्री आशना वर्मा AASHNA VERMA का जन्म दिनांक 27.05.2011 को हुआ था। वर्तमान में वह केन्द्रीय विद्यालय नवा रायपुर छ०ग० में कक्षा नवमी मे अध्ययनरत है। जिसके अंकसूची एवं आधार कार्ड मे मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश AASHANA VERMA दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि उक्त त्रुटि को सुधरवा कर समस्त अंकसूची, जन्म प्रमाणपत्र व आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम आशना वर्मा AASHNA VERMA दर्ज करवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उपर वर्णित कथनों के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**सत्यापन -**

मै उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र मे वर्णित तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी से सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक को मुकाम रायपुर छ.ग. मे अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 11/09/2025

**शपथकर्ता**
**हर्षवर्धन वर्मा**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम प.ह.नं. .....रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक / आवेदिका अंजनी अग्रवाल पिता सागरमल जी अग्रवाल, नगर निगम कालोनी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 704/7 रकबा 0.0960 हे. के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक 09/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 16/09/2025 को समय 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम प.ह.नं. .....रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक / आवेदिका सुनील कुमार चोपड़ा पिता हीरचंद चोपड़ा, निवासी जवाहर नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 714/9 रकबा 0.0980 हे. के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक 09/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 16/09/2025 को समय 12 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम प.ह.नं. .....रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक / आवेदिका श्रीमती कंचन अग्रवाल पति अंजनी अग्रवाल, समता कालोनी, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 704/8 रकबा 0.1910 हे. के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक 09/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 16/09/2025 को समय 12.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 02/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम प.ह.नं. .....रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक / आवेदिका श्रीमती नुतन अग्रवाल पति सत्य भगवान अग्रवाल व अन्य, रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 717/10 रकबा 0.0980 हे. के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक 09/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 16/09/2025 को समय 12 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 08/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- बोरियाकला प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदक श्री मनोज कुमार अग्रवाल पिता श्री शंकर प्रसाद अग्रवाल निवासी लौमुंडा जिला बारगड ओडिसा** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 739/2 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 08/09/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **19/09/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 08/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- बोरियाकला प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदक श्री मुकेश कुमार अग्रवाल पिता श्री शंकर प्रसाद अग्रवाल निवासी लौमुंडा जिला बारगड ओडिसा** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 739/2 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 08/09/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **19/09/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 08/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- बोरियाकला प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदक श्री दीपक कुमार अग्रवाल पिता श्री पवन कुमार अग्रवाल निवासी जिला बारगड ओडिसा** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 739/2 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 08/09/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **19/09/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग.**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 08/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- बोरियाकला प.ह.न.- 81 रा.नि.मं- रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदक श्री नील कमल अग्रवाल पिता श्री नंद किशोर अग्रवाल निवासी लौमुंडा जिला बारगड ओडिसा** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि **खसरा नंबर 739/2 का भाग रकबा 2000 वर्गफुट** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / क/ वाचक/ तहसीलदार/2025 रायपुर दिनांक 08/09/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक **19/09/2025** को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल

डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782

कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भगवती देवी शताब्दी वर्ष ज्योति कलश का स्वागत

**आरंग।** शांति कुंज हरिद्वार के संस्थापिका भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर ज्योति कलश रथयात्रा का विवेकानन्द विद्या मंदिर लखौली के बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया। तत्पश्चात अखंड दीपकलश का पूजा-अर्चना कर हरिद्वार से पधारे भक्तगण मां भगवती देवी के जन्म जयंती पर प्रकाश डाला। यह ज्योति कलश लखौली से रीवां, संडी, कुकरा में विश्राम करेंगे। ज्योति कलश में विद्यालय के सचिव ब्रह्मचारी नन्दकुमार महाराज, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमलता साहू, ममता जलक्षत्री, नंदनी यदु, संध्या साहू, खुशबू साहू आदि भक्तगण उपस्थित थे।

### ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान आज

**आरंग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आरंग मे 12 सितम्बर को दोपहर 3.30 बजे शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षा में नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बीके गंगा दीदी, मुख्य अतिथि अभिलाषा पैंकरा एस.डी.एम., विशिष्ट अतिथि ज्योति मशियारे तहसीलदार व दिनेश शर्मा ब्लाक शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे।

## निधन

### केवरा बाई लोधी

**आरंग।** केवशी लोधी पारा आरंग निवासी केवरा बाई लोधी का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे कार्तिक राम लोधी की पत्नी व सत्यवान, दुर्गेश और योगेश लोधी की माता थी।



# नवरात्रि के लिए दुर्गा माता की प्रतिमा निर्माण जारी, महंगाई से लागत बढ़ी

**मिट्टी, रंग, कपड़ा, बांस और सजावटी सामान के दाम लगातार बढ़ते जा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गणेशोत्सव का समापन होते ही अब नवरात्र पर्व की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। शहर से लेकर गाँवों तक माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के निर्माण का कार्य तेज हो गया है। मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर सिंह पर सवार माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमाएँ गढ़ रहे हैं। कहीं दस भुजाओं वाली दिव्य मूर्ति तराशी जा रही है तो कहीं माँ के सौम्य स्वरूप को सजाने-सँवारने का कार्य चल रहा है। लेकिन इस उमंग के बीच कारीगरों को महँगाई की मार भी झेलनी पड़ रही है। मिट्टी, रंग, कपड़ा, बांस और सजावटी सामान के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जहाँ पहले मध्यम आकार की प्रतिमा पाँच से छह हजार रुपये में तैयार हो जाती थी, वहीं इस बार उसी प्रतिमा पर दस से बारह हजार रुपये तक की लागत आ रही है। ग्राम नारा (भानसोज) के मूर्तिकार नारायण धीवर ने बताया आज की स्थिति यह है कि महँगाई की वजह से लागत दोगुनी हो गई है। ग्राहक भी ज्यादा पैसे देने से कतराते हैं, ऐसे में हमें मजबूरी में कम दाम में प्रतिमाएँ बेचनी पड़ती हैं। मेहनत तो पूरी लगती है, लेकिन आमदनी उतनी नहीं हो पाती। फिर भी परंपरा और माँ दुर्गा के प्रति आस्था के कारण हम यह काम छोड़ नहीं सकते।


फाइल फोटो

### कारीगरों की चुनौती बढ़ी

कारीगरों का कहना है कि इस बार छोटी प्रतिमाओं की माँग ज्यादा है क्योंकि समितियाँ और परिवार खर्च कम करना चाहते हैं। इससे बड़ी प्रतिमाएँ बनाने वाले कारीगरों को घाटा उठाना पड़ रहा है। उधर, प्रशासन और सामाजिक संगठनों की अपील पर पर्यावरण हितैषी प्रतिमाओं की ओर भी लोगों का रुझान बढ़ा है। मूर्तिकार अब प्राकृतिक रंग और मिट्टी का उपयोग कर प्रतिमाएँ तैयार कर रहे हैं ताकि विसर्जन के समय तालाबों और नदियों में प्रदूषण न फैले। इधर, पूजा समितियाँ भी पंडाल सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने में जुट गई हैं। नवरात्र का उल्लास अब धीरे-धीरे बाजार और गलियों में दिखने लगा है।कुल मिलाकर, मूर्तिकार माँ दुर्गा की प्रतिमाओं को जीवंत बनाने में लगे हैं, लेकिन महँगाई और बढ़ती लागत उनकी सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। इसके बावजूद उनकी आस्था और समर्पण नवरात्र के उल्लास को और भव्य बनाने का संकल्प दिला रही है।

**कृषि :** लखौली, गुजरा, रसनी, पलौद, परसदा, रीवा, कुकरा, संडी, नारा की खेती सर्वाधिक प्रभावित

# भूरा माहो व चितरी का प्रकोप, कीटनाशक बेअसर, किसान बेहद परेशान, लागत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

धान की फसल इस बार किसानों के लिए लगातार चुनौतियाँ लेकर आई है। शुरुआती बारिश के बाद लंबी अवर्षा से खेतों में सूखे की स्थिति बनी, जिससे पौधों का विकास थम गया और खतपतवार की भरमार हो गई। निंदाई पर अतिरिक्त खर्च करने के बाद जब पौधों को खाद की जरूरत पड़ी, तब खाद की किल्लत ने किसानों को और परेशान कर दिया। महंगे दामों पर बाजार से खाद खरीदना पड़ा और कई बार लंबी लाइनें भी झेलनी पड़ीं। अनेकों किसानों ने जो शुरुआती दौर में धान चलाई का कार्य किया, उनके पौधों में चीतरी बीमारी देखी गई। इसे रोकने के लिए अतिरिक्त दवा का छिड़काव करना पड़ा और साथ ही खाद की मात्रा भी बढ़ानी पड़ी। इससे किसानों की लागत अचानक दुगुनी हो गई। जैसे-तैसे फसल संभल रही थी कि अब भूरा माहों (ब्राउन प्लांट होपर) का प्रकोप भी सामने आ गया है। किसान लगातार दवाइयाँ बदल-बदलकर डाल रहे हैं, लेकिन कीट नियंत्रण में नहीं आ रहे।

**खास बातें**

- खादों की अनुपलब्धता और कालाबाजारी से किसानी का राग-पाग पहले से बिगड़ा है
- रोगों पर यदि नियंत्रण नहीं हुआ तो उत्पादन में 30-40 प्रतिशत कम होने की आशंका


फाइल फोटो

### दवाइयों का भी असर नहीं

ग्राम संडी के 32 एकड़ में खेती कर रहे किसान थानसिंह साहू का कहना है कि धान की फसल पहले ही सूखे, खाद की महंगाई और चीतरी बीमारी से प्रभावित हो चुकी थी। अब भूरा माहों ने हालत और बिगाड़ दी है। दवाई डालने पर भी असर नहीं दिख रहा। ग्राम नारा के किसान कैलाश वर्मा ने बताया निंदाई-गुड़ाई, खाद और दवा पर खर्च बढ़ गया। अब मजदूरी भी बढ़ी दर पर देनी पड़ रही है और फिर भी मजदूर नहीं मिल रहे। इस साल लागत बहुत बढ़ गई है और उत्पादन आधा होने का डर है। ग्राम कुकरा के किसान नंदन साहू बोले भुरे माहो का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ रहा है दवाई की छिड़काव के बाद भी बीमारी में काबू नही पड़ने पे 3-4 के दिन दूसरा दवाई लेकर छिड़काव किय्या हु।

### दर्जनों गांव की खेती प्रभावित

धान की फसल से घर का खर्च और कर्ज चुकाना था, लेकिन हालत देखकर लगता है कि घाटा ही होगा। सरकार को तत्काल बचाव के उपाय और दवाई उपलब्ध करानी चाहिए। इधर लखौली, गुजरा, रसनी, पलौद, परसदा, रीवा, कुकरा, संडी, नारा, भानसोज और फरफौद सहित अनेकों गाँवों के किसान इस समय मजदूरी की भारी किल्लत से भी जूझ रहे हैं। मजदूरी बढ़ाकर देने के बावजूद पर्याप्त मजदूर नहीं मिल पा रहे, जिससे समय पर कृषि कार्य पूरे नहीं हो पा रहे।कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते कीट और रोग पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो उत्पादन में 40 से 50 प्रतिशत तक की गिरावट हो सकती है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे वैज्ञानिक तरीके से दवाइयों का प्रयोग करें और फसल की लगातार निगरानी करते रहें।

# खौली शाला की 34 छात्राओं को सरस्वती साइकिल मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री रामलाल चंद्राकर शा. उच्च. मा. विद्यालय खौली में निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 34 बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया तथा निर्धन छात्र निधि से कुछ विद्यार्थियों को गणवेश तथा कॉपी वितरित की गई।

इस अवसर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवकुमार चंद्राकर, सरपंच राजेंद्र टंडन, प्राचार्य सुनीता वर्मा, सरस्वती सायकल योजना तथा निर्धन छात्र निधि प्रभारी जयश्री यादव, पूजा साहू, तीज चंदेल, रितंभरा चंद्राकर, गीतांजलि अवस्थी, संगीता पैकरा, गीता भगत, सुनीता मद्रे, केदार साहू, पी.आर.साहू, मेष राम साहू सहित समस्त स्टाफ तथा पालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुनीता वर्मा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल केवल यातायात का साधन नहीं है, यह आपको आत्मनिर्भरता, अनुशासन और प्रगति की ओर ले जाने वाला साधन है। आज से यह साइकिल आपकी शिक्षा की सहयात्री बनेगी। इसका उपयोग कर आप समय से विद्यालय पहुँचें, अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान दें और अपनी प्रतिभा को निखारें। उन्होंने आगे कहा कि लड़कियाँ यदि ठान लें तो किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं।

यह साइकिल आपको पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविश्वास और जिम्मेदारी का अहसास भी कराएगी। आज समाज को शिक्षित बेटियों की ज़रूरत है, जो परिवार का नाम रोशन कर सकें। प्राचार्या वर्मा ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे साइकिल का सही और सुरक्षित उपयोग करें तथा इसका उपयोग केवल विद्यालय व शैक्षणिक कार्यों तक सीमित रखें।

# गणेश विसर्जन के दौरान मारपीट, छह गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** 09 सितंबर को मोहभट्ठापारा नेवरा में गणेश विसर्जन के दौरान गणेश समिति के लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा करने वाले आरोपी गणों को धारा 170 बी एन एस एस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया न्यायालय से जेल वारंट बनने पर जेल भेजा गया। शिवम देवांगन पिता स्व0 अशोक देवांगन उम्र 27 साल साकिन वार्ड क्र0 08 दिनदयाल उपाध्याय चैक के पास खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, आदित्य सिंह ध्रुव पिता छत्ता प्रसाद ध्रुव उम्र 22 साल साकिन वार्ड क्र0 04 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, अनिल साहू पिता बिहारी लाल साहू उम्र 22 साल साकिन वार्ड क्र0 08 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर, दीपक मानिकपुरी पिता पंचूदास मानिकपुरी उम्र 28 साल साकिन वार्ड क्र0 66 कुम्हारपारा राजीव गांधी चैक बिलासपुर थाना सिविल लाईन जिला बिलासपुर, ठाकुर राम ध्रुव उर्फ मोन्टू पिता स्व0 जय ध्रुव उम्र 25 साल साकिन और अनेश कंडरा पिता हजारी कंडरा को जेल भेजा गया।




### दर्जनभर अंत्योदय कार्ड निरस्त, हितग्राही परेशान

**आरंग।** भाजपा सरकार के पहले से ही बिजली बिल के लूट को झेल रहे ग्रामीण अब राशन व्यवस्था की गड़बड़ी से परेशान हैं। ग्राम भानसोज में एक दर्जन से अधिक अंत्योदय राशन कार्डधारी हितग्राहियों के कार्ड बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिए गए, जिसके चलते गरीब परिवारों का हक़ छिन गया है। निरस्त कार्डधारी मंटोरा/श्यामलाल, प्रेमबाई/भागचंद, बगस/ केशोराम, कीर्ति/ भगवानलाल, ललित/ दयाराम, रामबाई/बैशाख, बुध्दा/मलख़म, खेदिया/मगेव्यार, ख़ेमींन/फुदरु, पतिराम/बिशाल व मीना/समयदास रोज़ाना सहकारी राशन दुकान के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें कहीं राहत नहीं मिल रही। मजबूरन कई हितग्राही दाने-दाने को तरस रहे हैं।

# पीसीसी अध्यक्ष बैज के निवास पर भाजपा के घुसपैठ की निंदा

**मंदिर हसौद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट एवं धरसीवां जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने , 10 सितंबर 2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज के सरकारी निवास में भाजपा कार्यकर्ता गंधर्व पांडे द्वारा जबरन घुसपैठ की घृणित और शर्मनाक घटना की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह न केवल एक आपराधिक कृत्य है, बल्कि छत्तीसगढ़ की शांतिपूर्ण राजनीतिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। यह घटना भाजपा सरकार की नाकामी और छत्तीसगढ़ में बिगड़ती कानून-व्यवस्था का जीता-जागता सबूत है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज, जो जेड-प्लस सुरक्षा प्राप्त नेता हैं, उनके निवास में इस तरह की उकसाने वाली और सुनियोजित कार्रवाई न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की जनता के बीच भय और अस्थिरता पैदा करने का कुत्सित प्रयास है।



# नगर पंचायत के समारोह में 200 से अधिक शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

विधानसभा के नगर पंचायत खरोरा में शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक अनुज शर्मा। इस सम्मान समारोह में लगभग 200 से अधिक शिक्षकों को शाल, श्रीफल,स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक अनुज ने गुरुजनों को प्रणाम करते हुए कहा कि गुरु ही वे दीपस्तंभ हैं, जिनके ज्ञान, मार्गदर्शन और मूल्यों से जीवन की दिशा तय होती है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहते, वे समाज में नई चेतना जगाने का कार्य करते हैं। हमारे शिक्षकगण विकसित भारत के संकल्प पूर्ति में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो अपने ज्ञान और निःस्वार्थ भाव से समाज को एक नई दिशा और हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत बनाने में अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं। एक शिक्षक का धैर्य, समर्पण, और प्रेम ही वह शक्ति है जो एक सामान्य छात्र को असाधारण बनाती है। ऐसे ही एक सभ्य व शिक्षित समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले हमारे धरसींवा विधानसभा के शिक्षकों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करने हेतु यह समारोह का आयोजन किया गया है, हमारा सौभाग्य हैं कि हम ऐसे गुरुजनों का सम्मान कर रहे हैं जो धरसींवा विधानसभा के उज्ज्वल भविष्य और विकसित भारत बनाने में अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम कर रही है। मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

- गुरु के ज्ञान व मार्गदर्शन से जीवन की दिशा तय होती है : विधायक अनुज

साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू कर शिक्षा को और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में धरसींवा विधानसभा के हर स्कूल में डिजिटल कक्षाएं शुरू की जाएंगी। शिक्षकों के लिए नियमित प्रशिक्षण और छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि धरसींवा विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श बने।

### चाकूबाजी के 3 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे मोहभट्ठा पारा नेवरा के कुछ आरोपीगणो के द्वारा नेवरा के पास तौफिक अहमद और शहबाज खान से मोटरसायकल हटाने की बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद आरोपीगणो के द्वारा एक राय होकर आवेदक गणो के ऊपर प्राण घातक हमला करने पर थाना तिल्दा नेवरा के द्वारा धारा 109(1),296,115(2),351(3), 3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपराध घटना मे शामिल आरोपीगण दुर्गेश यादवउर्फ छोटू, अजय निषाद उर्फ काला, संदीप ध्रुव उर्फ पप्पू को हिरासत में लिया और उनसे घटना में प्रयुक्त चाकू, डंडा को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर रिमाण्ड हेतु न्यायालय रवाना किया गया।

### तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की हुई बैठक

**तिल्दा नेवरा।** गुरुवार को तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन पर सलाहकार समिति की बैठक हुई। स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय में हुई इस बैठक में रेलवे स्टेशन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। समिति ने स्टेशन के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजे हैं। बैठक में यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्टेशन के समग्र विकास पर विशेष रूप से जोर दिया गया। इस बैठक में रेलवे जोनल कमेटी के सदस्य दीपक शर्मा, तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य दिलीप वर्मा, स्वप्निल श्रीवास्तव, संजय भोजवानी, राजकुमार गेडरे, और सुरेश शर्मा सहित स्टेशन अधीक्षक सुमन झा, एचआई कमलेश और रेलवे अधिकारी सीआई विद्यासागर भी उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष...

### थम ही नहीं रही...

गुटों ने एक-दूसरे पर पथराव करने के साथ लाठी चलाए हैं, उनका आपस में पुराना विवाद है। इसी विवाद के चलते दोनों गुट आमने-सामने आ गए और एक दूसरे के साथ गाली-गलौज की। गाली-गलौज के दौरान विवाद और बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर दोनों गुट बीच रास्ते में आपस में भिड़ गए। दोनों गुट के तेवर देखते हुए किसी ने बीच बचाव करने जाने की हिम्मत नहीं की। मौके पर जब पुलिस पहुंची, तो दोनों गुट वापस जा चुके थे।

### साइंस सेंटर के...

पीटा। घटना के बाद किसी ने भी थाने में इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने वायरल वीडियो की पड़ताल कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की।

### बीच सड़क पर...

पटकी का सोशल मीडिया में वीडियो वायरस हुआ था। नशे में धुत युवक-युवती में मामूली कहासुनी के बाद एक दूसरे के साथ भिड़ गए। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।

### शहर की 32 पानी...

नई पानी टंकी, रायपुरा, कुकुरबेड़ा पानी टंकी के साथ 80 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट से भरने वाली 4 पानी टंकियां बैरनबाजार की नई पानी टंकी, देवेन्द्र नगर नई पानी टंकी, संजय नगर और मोतीबाग पानी टंकी से 12 सितंबर की शाम जलप्रदाय के बाद 13 सितंबर की सुबह जलप्रदाय ठप रहेगा। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद 13 सितंबर की शाम संबंधित पानी टंकियों से जलप्रदाय नियमित रूप से होगा।

### एमडीएमए ड्रग मामले...

करीबी था। भावेश पूर्व में पंडिताई का काम करता था। पंडिताई के बाद भावेश इवेंट का काम करने लगा। इस दौरान उसका क्लब आना-जाना लगा रहता था। तीन वर्ष पूर्व भावेश नव्या के संपर्क में आया। इसके बाद उसका नव्या के साथ करीबी संबंध हो गया। करीबी संबंध होने पर नव्या, भावेश को अपने जाल में फंसाकर उसके माध्यम से क्लब तथा होटल में ड्रग आपूर्ति कराने लगी। भावेश को पुलिस ने नव्या के साथ मोबाइल में बातचीत तथा उन दोनों की चैटिंग की पड़ताल के आधार पर गिरफ्तार किया है।

### दो अलग-अलग सड़क...

कर घसीटते हुए डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। बाइक सवार एक युवक का पैर टूट गया है, दूसरा गंभीर रूप से घायल है। कार में एक युवक सहित तीन लोग सवार थे। कार पलटने से एक युवती घायल हुई है। माना पुलिस कार जब्त कर एक्सीडेंट के कारणों का जांच कर रही है।

**हेलमेट ने बचाई जान:** कोतवाली थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ चौक हनुमान मंदिर के पास बाइक के डिवाइडर से टकराने पर बाइक सवार गरियाबंद, फिंगेश्वर निवासी मोहित कुमार नारंग (21) साल की मौत हो गई। बाइक चला रहा ताराचंद गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के अनुसार ताराचंद बाइक चला रहा था। हेलमेट पहने होने की वजह से ताराचंद का सिर नहीं फटा। डिवाइडर से टकराने की वजह से मोहित का सिर बुरी तरह से फट गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मोहित तथा ताराचंद को घटना स्थल के पास एक निजी अस्पताल उपचार कराने ले गए। स्थिति गंभीर होने की वजह से मोहित आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते मोहित ने रास्ते में दम तोड़ दिया। युवक पचपेड़ी नाका स्थित एक टेंट हाउस में टेंट लगाने का काम करते थे, जिनमें से एक की मौत हो गई।

**पालिका के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्षदों ने एसडीएम से की चर्चा**

# जैन तीर्थंकर की प्राचीन मूर्ति निजी संस्था को देने का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

वर्ष 2021 में आरंग के अंधियार खोप तालाब में मिली प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति को निजी संस्था को देने का विरोध आरंग में लगातार जारी है। बुधवार को एक बार फिर इस प्राचीन जैन मूर्ति को ले जाने के लिए जैन समाज के लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे लेकिन आरंग एसडीएम अभिलाषा पैकरा रायपुर में थी और उनको आरंग पहुंचते शाम हो गया जिस कारण ये कार्यवाही टल गई। इस दौरान इसकी जानकारी कांग्रेस पार्षदों को लगी जिसके बाद उन्होंने तुरंत आरंग एसडीएम से मुलाकात कर प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति को किसी निजी संस्था को सौंपने का विरोध किया और मूर्ति को आरंग में ही रखने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। आरंग नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष शरद गुप्ता ने बताया कि तालाब में मिली प्राचीन जैन तीर्थंकर की मूर्ति आरंग की धरोहर है। आरंग में जैन समाज से जुड़े ऐतिहासिक अवशेष खुदाई के दौरान मिलते है।आरंग अपने इसी पुरातन इतिहास के कारण देशभर में प्रसिद्ध है।कुछ समय से जैन समाज डोंगरगढ़ द्वारा इस ऐतिहासिक और बेशकीमती जैन तीर्थंकर की मूर्ति को आरंग से ले जाने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि जैन समाज के लोगों की श्रद्धा का पूरा सम्मान करते हैं अगर उन्हें मूर्ति की पूजा अर्चना करनी है तो आरंग में ही एक मंदिर का निर्माण कर दे। इससे उनकी श्रद्धा भक्ति के साथ साथ धरोहर भी सुरक्षित रहेगा। अगर आरंग से अमूल्य धरोहर इसी प्रकार छीनी जायेगी तो आरंग अपनी पहचान खो देगी। कांग्रेस आरंग की प्राचीन विरासत को बचाने के लिए हर संभव कोशिश करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष शरद गुप्ता, पार्षद पद खिलावन निषाद, ईश्वर पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सूरज सोनकर उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### धार्मिक कार्यक्रम को लेकर परशुराम दल ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्ति स्थापना एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर परशुराम दल छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) एवं अतिरिक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा को सौंपा। इसी दौरान परशुराम दल ने एसएसपी और अतिरिक्त कलेकटर से आग्रह किया कि दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति स्थापना, शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों में उचित दिशा-निर्देश, सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में परशुराम दल के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार झा, रायपुर अध्यक्ष अंजनी मिश्रा, उपाध्यक्ष बिश्वजीत पांडेय तथा सदस्य विनोद कुमार उपस्थित रहे।

### आईपीएस अवार्ड अफसरों की पदस्थापना आदेश जारी

**रायपुर।** पिछले महीने आईपीएस अवार्ड हुए सात पुलिस अफसरों का राज्य सरकार के आदेश पर गृह विभाग ने पदास्थापना आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं, उनमें पंकज चंद्रा छग सशस्त्र बल की 13वीं वाहिनी, कोरबा में सेनानी बनाए गए हैं। भावना पांडे सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय भेजी गई हैं। विमल कुमार बैस छग सशस्त्र बल के 11वीं वाहिनी, जांजगीर में सेनानी बनाए गए हैं। हरीश राठौर मुख्यमंत्री सुरक्षा में एसपी बनाए गए हैं। राजश्री मिश्रा को एटीएस शाखा में एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा को रेल एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। गृह विभाग के आदेश के अनुसार देवव्रत सिरमौर प्रतिनियुक्ति पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल भेजे गए हैं। इन्हें पर्यटन मंडल में महाप्रबंधक की जिम्मेदारी दी गई है।

### उत्कृष्ट अभियंताओं का सम्मान समारोह 15 को

**रायपुर।** अभियंता दिवस के अवसर पर संयुक्त अभियंता आयोजन समिति की ओर से एक निजी होटल में 15 सितंबर को उत्कृष्ट अभियंताओं का सम्मान एवं इंजीनियर्स ऑफ द ईयर अवार्ड का आयोजन किया गया है। समिति के पदाधिकारी और इंजी. अनिल तिवारीने बताया कि कार्यक्रम की अगली कड़ी में विभिन्न संगठनों से उतकृष्ट अभियंताओं का सम्मान एवं इंजीनियर्स ऑफ द ईयर अवार्ड प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा होगा। अतिथियों के उद्बोधन के बाद स्नेह भोज रखा गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल आदि शामिल होंगे।

### हीरापुर में बिना अनुमति अवैध निर्माण को तोड़ा



**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग ने गुरुवार को वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर क्षेत्र में स्वीकृति विपरीत बिना अनुमति किए गए अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में बिना अनुमति अवैध निर्माण को तोड़ा गया। संबंधित निर्माणकर्ता को भविष्य में स्वीकृति लेकर निर्माण करवाने की हिदायत नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग की ओर से दी गई।

### निधन

**मनमोहन प्रसाद शर्मा**



**रायपुर।** दुबे कॉलोनी मोवा निवासी मनमोहन प्रसाद शर्मा सारागांव वाले का 10 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अहिल्या बाई शर्मा के पति और अनिल शर्मा, सुनील शर्मा के पिता थे।

# बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की 'चुस्ती' सुस्त, बिक्री घटने से पंप संचालक हुए परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

दुर्ग की तर्ज पर राजधानी के पेट्रोल पंप संचालकों ने दोपहिया वाहन चालकों को बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का निर्णय लिया था, निर्णय के अनुसार कुछ दिनों तक पेट्रोल पंपों में सख्ती बरती गई, लेकिन बिक्री कम होने की वजह से परेशान कई पेट्रोल पंप संचालक बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने लगे हैं। दोपहिया वाहन चालक ऐसे पेट्रोल पंप जाने से परहेज कर रहे हैं, जहां बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिल रहा। दोपहिया वाहन चालक जहां बगैर हेलमेट के पेट्रोल मिल रहा है, उन पेट्रोल पंप में जाकर पेट्रोल ले रहे हैं। राजधानी तथा आउटर के अलग-अलग पेट्रोल पंप संचालकों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने से उनकी बिक्री 15 से 20 प्रतिशत तक घट गई है। इस वजह से उन्हें मजबूरी में बगैर हेलमेट पेट्रोल बेचना पड़ रहा है। कई पेट्रोल पंप संचालक अलग से हेलमेट रख बगैर हेलमेट पेट्रोल लेने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट देकर उनकी गाड़ी में पेट्रोल भर रहे हैं।

**कई पंप संचालक बगैर हेलमेट के देने लगे पेट्रोल**



### हाईवे पर हेलमेट जरूरी

दोपहिया वाहन चालकों ने हाईवे पर दोपहिया वाहन चलाने हेलमेट की अनिवार्यता को सही माना है। दोपहिया वाहन चालकों के अनुसार हाईवे पर एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इस वजह से हाईवे के पेट्रोल पंप में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देना चाहिए। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार दोपहिया वाहन चलाते समय सभी लोगों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने का नियम है। जो बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते हैं, इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत लगाए गए कैमरे से मिले फूटेज के आधार पर उन लोगों का चालान भी काटा जाता है।

### अभियान के औचित्य पर सवाल

दोपहिया वाहन चालकों ने पेट्रोल पंप संचालकों के अभियान के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर के अंदर बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर राहत है, ऐसे में पंप संचालकों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों पर सख्ती क्यों बरती जा रही है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों पेट्रोल नहीं देने पंप संचालकों का अभियान फेल हो गया है। ऐसे में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के रायपुर में चलाए जा रहे अभियान की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं।

## रेलवे ने गुरुवार को अनारक्षित टिकट काउंटर को रेलवे आरक्षण केंद्र में किया शिफ्ट

# आरक्षण केंद्र में मिलेगा जनरल-रिजर्वेशन टिकट, अब पार्किंग से स्टेशन गेट तक लगेंगी एटीवीएम मशीनें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनारक्षित टिकट काउंटर को अब आरक्षण केंद्र में शिफ्ट कर दिया है। गुरुवार से शुरू हुए इस बदलाव के तहत चार काउंटर आरक्षण केंद्र में स्थानांतरित कर दिए गए हैं, जबकि दो काउंटर अस्थायी रूप से पुरानी जगह पर चालू रखे गए हैं। आने वाले दो दिनों में इन्हें भी आरक्षण केंद्र में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। स्टेशन परिसर में अब एटीवीएम, ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे यात्रियों को जनरल टिकट लेने में और आसानी होगी। मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि बदलाव की प्रक्रिया धीरे-धीरे लागू की जा रही है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस बीच स्टेशन परिसर में उद्घोषणा प्रणाली के जरिए लगातार जानकारी दी जा रही है, ताकि यात्री समय रहते नई व्यवस्था से अवगत हो सकें। यात्रियों की मदद के लिए दिन और रात के वक्त अधिकारियों को तैनात किया गया है। एक ही काउंटर में सभी तरह के टिकट मिलने से यात्रियों को सहूलियत होगी।

- पुरानी जगह पर आज और कल दो अनारक्षित टिकट काउंटर की मिलेगी सुविधा



### पहले दिन हुई परेशानी आज से बेहतर होगी व्यवस्था

रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट काउंटर को आरक्षण केंद्र में शिफ्ट किए जाने के बाद गुरुवार शाम यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टिकट लेने पहुंचे कई यात्रियों को जानकारी नहीं थी कि अब काउंटर आरक्षण केंद्र में संचालित हो रहे हैं। स्टेशन परिसर में केवल दो काउंटर पुराने स्थान पर खुले रहे, जहां लंबी कतारें लग गईं। वहीं कुछ यात्री आरक्षण केंद्र की ओर भागे और वहीं से टिकट खरीदा। इस बीच उन यात्रियों की परेशानी बढ़ गई, जिनकी ट्रेन प्लेटफार्म पर आने ही वाली थी और उन्हें तुरंत टिकट चाहिए था।

### बेहतर व्यवस्था के लिए काउंटर शिफ्ट

यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से रेलवे ने अनारक्षित टिकट काउंटर को आरक्षण केंद्र में शिफ्ट किया है। गुरुवार को चार काउंटर स्थानांतरित कर दिए गए, जबकि दो दिनों के भीतर शेष दो काउंटर भी शिफ्ट कर दिए जाएंगे। स्टेशन परिसर में 10 से अधिक ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाई जाएंगी, ताकि काउंटर तक जाने की जरूरत न पड़े। साथ ही आरक्षण केंद्र में बैठने की व्यवस्था भी और बेहतर की जा रही है।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम रायपुर रेल मंडल

### आरक्षित और अनारक्षित के अलग-अगल काउंटर

रेलवे आरक्षण केंद्र बिल्डिंग में आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट दोनों की सुविधा एक ही बिल्डिंग में देने के साथ दोनों के लिए अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था की है, ताकि यात्रियों को दिक्कत न हो। रेलवे के मुताबिक सुबह 4 काउंटर शाम को 5 काउंटर एवं रात को 3 काउंटर पर अनारक्षित टिकट मिलेंगे। जिन यात्रियों को ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एवं मोबाइल अनारक्षित टिकट सुविधा से टिकट लेना है, वह यात्री गेट नंबर 2 के प्रवेश द्वार पर स्थित 4 एटीवीएम एवं मोबाइल अनारक्षित टिकट सुविधा से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे।

### स्टेशन में लगेंगी 10 से अधिक ऑटोमेटिक टिकट मशीनें

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित टिकट काउंटर के आसपास 10 से अधिक ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) लगाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही मंडल के अन्य स्टेशनों पर भी 60 से अधिक एटीवीएम स्थापित किए जाएंगे। मंडल अधिकारियों ने बताया कि आरक्षण भवन में बैठने की बेहतर व्यवस्था की जा रही है।

# टूटेगा नवीन मार्केट व्यापारियों को पुनर्विकास योजना की दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

52 साल पहले बने राजधानी के नवीन मार्केट की जगह निगम नया बहुमंजिला कांप्लेक्स का निर्माण करने जा रहा है। इसी सिलसिले में महापौर मीनल चौबे ने नवीन मार्केट में वर्तमान में काबिज 43 व्यापारियों को गांधी सदन में आमंत्रित किया। उनके साथ बैठक लेकर नवीन मार्केट के प्रस्तावित रीडेवलपमेंट प्लान की जानकारी दी। महापौर ने नवीन मार्केट के व्यापारियों से इस कार्य में सहयोग मांगा। निगम अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में उन्होंने प्रभावित व्यापारियों को आश्वस्त किया कि नवीन मार्केट को नया स्वरूप देने का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जायेगा।

महापौर मीनल चौबे ने कहा 1973 में नवीन मार्केट का निर्माण किया गया था, जो रायपुर शहर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र जयस्तंभ चौक और शारदा चौक के

समीप स्थित एक महत्वपूर्ण परिसर है। परिसर का कुल क्षेत्रफल 4.62 एकड़ है, नवीन मार्केट भवन के पीछे वाली रिक्त भूमि तथा पुराने स्कूल को शामिल करते हुए नई परियोजना तैयार करने का कार्य किया जायेगा। नवीन मार्केट परियोजना के विकास से आसपास स्थित क्षेत्र तात्यापारा, कंकालीपारा, आजाद चौक, सदरबाजार, मालवीय रोड जैसे 4.52 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल नये बहुउद्देशीय व्यावसायिक परिसर से उन्नत हो सकेगा। निगम द्वारा आनलाइन टेंडर के माध्यम से कंसलटेंट का चयन कर परियोजना तैयार की जायेगी।

# दुर्ग और हटिया के बीच द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का विस्तार, मिलेगी राहत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-हटिया-दुर्ग के बीच चलने वाली द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (08185/08186) के संचालन को बढ़ा दिया है। पहले यह ट्रेन 1 अक्टूबर 2025 तक ही संचालित होनी थी, लेकिन अब इसके संचालन में 26 फेरों का विस्तार करते हुए 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 2 अक्टूबर से 30 दिसम्बर, 2025 तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर, 2025 तक विस्तार किया गया है।

### हीराकुंड और दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस का भोडवाल माजरी स्टेशन में अस्थायी ठहराव

78वां अंतर्राष्ट्रीय निरंकारी संत समागम हरियाणा के निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने 20808/20807 अमृतसर-विशाखपट्टणम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस और 20847/20848 दुर्ग-जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस को भोडवाल माजरी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह अस्थायी ठहराव 6 अक्टूबर से 7 नवंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा, जिससे समागम में आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा से पहले ट्रेन के समय और ठहराव की जानकारी अवश्य ले लें।

# शराब दुकान सेल्समैन से मारपीट एवं वसूली के मामले की जांच शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में संचालित शासकीय शराब दुकान में कार्यरत एक सेल्समैन से एक संभाग स्तरीय अधिकारी द्वारा की गई मारपीट और 25 हजार रुपए की वसूली के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

- रायपुर संभाग अधिकारी दीपा आदिल ने कहा- दोषी पाए गए तो होगी कार्रवाई

रायपुर संभाग आबकारी अधिकारी दीपा आदिल ने बताया कि इस मामले की शिकायत आई है, जिसे गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जांच पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा कि शिकायत सही है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर जांच में अधिकारी दोषी पाया गया, तो निश्चित उसके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।



### सीसीटीवी कैमरे में घटना रिकार्ड

शिकायतकर्ता ने आयुक्त को लिखे पत्र में इसकी भी जानकारी दी थी कि घटना की पूरी रिकार्डिंग दुकान में लगे सीसीटीवी में है। इधर जांच के दौरान संभाग आबकारी अधिकारी ने बताया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज भी निकाले गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीटीवी कैमरे में हुई थी घटना कैद

तिल्दा स्थित जिस शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन के साथ यह घटना हुई थी, उसने लिखित में इसकी शिकायत आबकारी विभाग के आयुक्त से की है। सेल्समैन मोहित वर्मा ने अपनी शिकायत में संभाग स्तरीय एक अधिकारी पर आरोप लगाए थे कि घटना के दिन वह दुकान में ओवर रेट पर शराब बेचने की जांच करने के नाम से पहुंचे थे और और फिर धमकी देकर उसके साथी सेल्समैन मधु से मारपीट की तथा इसके बाद उसके पास से 25 हजार रुपए जबरदस्ती वसूली कर ले गए।

# सर्वर समस्या ने फिर बढ़ाई परेशानी रजिस्ट्री कराने दिनभर परेशान हुए लोग

## रायपुर में शाम 7 बजे तक करते रहे इंतजार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में गुरुवार को सर्वर की समस्या ने रजिस्ट्री कराने वालों को परेशान किया। पंजीयन विभाग के पोर्टल का सर्वर दिनभर में कई बार अप-डाउन होता रहा, जिसके कारण लोगों को भी कई घंटे रजिस्ट्री कार्यालय में बैठकर गुजारना पड़ा। रायपुर कलेक्टोरेट स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में भी सर्वर डाउन के कारण देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही, वहीं कई लोग सर्वर समस्या के कारण बिना रजिस्ट्री कराए लौट गए। इनमें से अब कई लोगों को फिर से टोकन लेना होगा, क्योंकि विभाग की ओर से सर्वर समस्या के कारण रजिस्ट्री नहीं होने पर उसी टोकन से रजिस्ट्री होगी। इस संबंध में स्पष्ट रूप से कोई



सूचना जारी नहीं की गई है।

पितृ पक्ष में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री का कारोबार कम हो जाता है, जिससे रजिसट्रियां भी कम होती हैं, लेकिन इस बार रायपुर के रजिस्ट्री कार्यालय में देर शाम तक भीड़ को देखकर ऐसा लगा कि पितृ पक्ष में भी अब लोग प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री करने लगे हैं। हरिभूमि ने जब पंजीयन कार्यालय में अपनी बारी आने के इंतजार में बैठे कुछ लोगों से बातचीत की, तो पता चला कि विभागीय पोर्टल में सर्वर की दिक्कत आ गई है, जिसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि सर्वर की समस्या दिनभर बनी रही, जिसके कारण कई लोग लौट गए।

### शाम 4.30 बजे की रजिस्ट्री शाम 7 बजे तक नहीं हो पाई

महावीरनगर निवासी एक व्यक्ति ने बताया, वह एक रजिस्ट्री में गवाह के रूप में हस्ताक्षर करने आया था। उपपंजीयक-1 में यह रजिस्ट्री होनी थी। इस रजिस्ट्री का समय शाम 4.30 बजे था, लेकिन सर्वर समस्या के कारण ढाई घंटे इंतजार करने के बाद भी सर्वर ठीक नहीं हुआ, जिसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाई और वह भी वापस आ गया।

**सर्वर समस्या के कारण परेशानी**

सर्वर की समस्या के कारण रजिस्ट्री में थोड़ी परेशानी आई है। इसके बाद भी रजिसट्रियां हुई हैं। बिना रजिस्ट्री कराए लौटे हैं लोग, इसकी जानकारी नहीं है।

**- विनोज कोचे,** पंजीयक रायपुर

# अभनपुर में शराब दुकानों के पास बने अवैध अहाते आबकारी ने हटाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

अभनपुर ब्लॉक के उरला क्षेत्र में संचालित देशी और विदेशी शराब दुकान के पास कई दिनों से अहाता का संचालन किया जा रहा था। यह अहाता आबकारी विभाग से बगैर लाइसेंस लिए चलाया जा रहा था।

- अहाता के लिए लाइसेंस जरूरी



इसकी जानकारी मिलने पर आबकारी विभाग ने गुरुवार को राजस्व एवं टीम प्रहरी के साथ संयुक्त अभियान चलाकर अवैध रूप से चल रहे अहातों को हटाने की कार्रवाई की। कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार केवल लाइसेंसी अहाते ही संचालित करने की अनुमति है। अवैध अहातों पर निरंतर करवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लाइसेंसधारी अहातों से प्राप्त शुल्क शासन के राजस्व के रूप में जमा होता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले के अहातों से 9 करोड़ 20 लाख 4 हजार 325 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस कार्यवाही में तहसीलदार अभनपुर सीता शुक्ला, सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेकबहादुर कुर्रे, आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक नीलम स्वर्णकार, प्रकाश देशमुख, कौशल सोनी, मेधा मिश्रा, प्रीति कुशवाहा, अभनपुर थाना से उपनिरीक्षक भीम कुमार सोम तथा टीम प्रहरी से तसव्वुर अली एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

## पेज 11 के शेष

### थम ही नहीं रही...

गुटों ने एक-दूसरे पर पथराव करने के साथ लाठी चलाए हैं, उनका आपस में पुराना विवाद है। इसी विवाद के चलते दोनों गुट आमने-सामने आ गए और एक दूसरे के साथ गाली-गलौज की। गाली-गलौज के दौरान विवाद और बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर दोनों गुट बीच रास्ते में आपस में भिड़ गए। दोनों गुट के तेवर देखते हुए किसी ने बीच बचाव करने जाने की हिम्मत नहीं की। मौके पर जब पुलिस पहुंची, तो दोनों गुट वापस जा चुके थे।

### साइंस सेंटर के...

पीटा। घटना के बाद किसी ने भी थाने में इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने वायरल वीडियो की पड़ताल कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की।

### बीच सड़क पर...

पटकी का सोशल मीडिया में वीडियो वायरस हुआ था। नशे में धुत युवक-युवती में मामूली कहासुनी के बाद एक दूसरे के साथ भिड़ गए। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।

### शहर की 32 पानी...

नई पानी टंकी, रायपुरा, कुकुरबेड़ा पानी टंकी के साथ 80 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट से भरने वाली 4 पानी टंकियां बैरनबाजार की नई पानी टंकी, देवेन्द्र नगर नई पानी टंकी, संजय नगर और मोतीबाग पानी टंकी से 12 सितंबर की शाम जलप्रदाय के बाद 13 सितंबर की सुबह जलप्रदाय ठप रहेगा। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद 13 सितंबर की शाम संबंधित पानी टंकियों से जलप्रदाय नियमित रूप से होगा।

### दो अलग-अलग सड़क...

कर घसीटते हुए डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। बाइक सवार एक युवक का पैर टूट गया है, दूसरा गंभीर रूप से घायल है। कार में एक युवक सहित तीन लोग सवार थे। कार पलटने से एक युवती घायल हुई है। माना पुलिस कार जब्त कर एक्सीडेंट के कारणों का जांच कर रही है।

**हेलमेट ने बचाई जान**

कोतवाली थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ चौक हनुमान मंदिर के पास बाइक के डिवाइडर से टकराने पर बाइक सवार गरियाबंद, फिंगेश्वर निवासी मोहित कुमार नारंग (21) साल की मौत हो गई। बाइक चला रहा ताराचंद गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के अनुसार ताराचंद बाइक चला रहा था। हेलमेट पहने होने की वजह से ताराचंद का सिर नहीं फटा। डिवाइडर से टकराने की वजह से मोहित का सिर बुरी तरह से फट गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मोहित तथा ताराचंद को घटना स्थल के पास एक निजी अस्पताल उपचार कराने ले गए। स्थिति गंभीर होने की वजह से मोहित आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल ले जाते मोहित ने रास्ते में दम तोड़ दिया। युवक पचपेड़ी नाका स्थित एक टेंट हाउस में टेंट लगाने का काम करते थे, जिनमें से एक की मौत हो गई।

### एमडीएमए ड्रग मामले में...

करीबी था। भावेश पूर्व में पंडिताई का काम करता था। पंडिताई के बाद भावेश इवेंट का काम करने लगा। इस दौरान उसका क्लब आना-जाना लगा रहता था। तीन वर्ष पूर्व भावेश नव्या के संपर्क में आया। इसके बाद उसका नव्या के साथ करीबी संबंध हो गया। करीबी संबंध होने पर नव्या, भावेश को अपने जाल में फंसाकर उसके माध्यम से क्लब तथा होटल में ड्रग आपूर्ति कराने लगी। भावेश को पुलिस ने नव्या के साथ मोबाइल में बातचीत तथा उन दोनों की चैटिंग की पड़ताल के आधार पर गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप

### वाराणसी में निर्वेद ने जीता गोल्ड मेडल



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के निवासी निर्वेद कश्यप ने वाराणसी में आयोजित छठवीं नेशनल थाईबॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 में 40 किलो वेट केटेगरी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। थाईबॉक्सिंग इंडिया, उत्तरप्रदेश ओलंपिक एशोसिएशन द्वारा रिकोगनाइज एवं थाईबॉक्सिंग इंडिया फेडेरेशन द्वारा सेंक्शन रहा। निर्वेद कश्यप शिवोम विद्यापीठ में कक्षा 9वीं के छात्र हैं।

### सौरभ अध्यक्ष, वेदांत बने अग्रवाल युवा मंडल के महामंत्री





**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित सामाजिक भवन में बुधवार को अग्रवाल सभा रायपुर की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अग्रवाल युवा मंडल रायपुर की जंबो कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अग्रवाल युवा मंडल के अध्यक्ष पद पर सीएस सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, अभिषेक टेकरीवाल, अमर अग्रवाल, आयुष अग्रवाल को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में महामंत्री वेदांत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, मंत्री उदय बजाज, विकास सिंघल, सिद्धार्थ अग्रवाल, शंख अग्रवाल, अमन चौधरी, संस्कार अग्रवाल, संगठन मंत्री सौरभ अग्रवाल, लेखा परीक्षक सीए गोपाल अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी प्रखर अग्रवाल, मीडिया प्रभारी उदित अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य नमित जैन, आकाश अग्रवाल, अंकित जिंदल, विशाल अग्रवाल आदि सहित समाज के 239 युवा साथियों को पदाधिकारी बनाया गया है।

# हालात संभालने 25 चिकित्सा अधिकारियों व विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की जारी है हड़ताल
- कई जिलों में निकाली गई चुनरी यात्रा, राजधानी में नहीं मिली अनुमति

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों की जारी हड़ताल के बीच 25 चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और पर्याप्त मानव संसाधन सुनिश्चित करने के लिए संविदा आधार पर की गई है।

जारी आदेश के मुताबिक, विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.विकास साहू, डॉ.आकाश नागदेव, डॉ.जयंतीलाल दारियो, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ.विशाल पत्रे, डॉ.अदिति मारिया लाकर, डॉ.भाविका टंडन सहित 25 चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। इन्हें संबंधित जिलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। शासन को उम्मीद है कि इससे चिकित्सीय कार्यों में तेजी और हड़ताल के कारण प्रभावित व्यवस्थाओं को सुधारने में मदद मिल सकेगी। गौरतलब है कि प्रदेश के एनएचएम अर्थात राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिसमें नियमितीकरण, वेतन वृद्धि व अन्य भत्ते सहित कई मांगें शामिल हैं। हड़ताल के बाद स्वास्थ्य कर्मचारियों के प्रदेश पदाधिकारियों को बर्खास्त किया गया था। इसके विरोधस्वरूप 4 सितंबर को 16 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं किया गया है।



### आज प्रदेशस्तरीय बैठक

गुरुवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चुनरी रैली निकाली। विभिन्न जिलों में धरना स्थल से लेकर निकटतम देवी मंदिरों तक यह चुनरी यात्रा निकाली गई। माता के मंदिर जाकर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मांगें जल्द पूरी होने की मन्नत मांगी। राजधानी रायपुर में इस चुनरी रैली की अनुमति नहीं मिल सकी। डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली गई। सक्ती, बेमेतरा सहित अन्य जिलों में भी चुनरी रैली निकाली गई। प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अमित मिरी और संगठन महासचिव कौशलेश तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को संगठन सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक रखी गई है। इसमें जिलाध्यक्ष सहित प्रांतीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में आगे की नीतियों पर चर्चा की जाएगी। शासन द्वारा बनाए जा रहे दबाव को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी।

## निर्माण विभाग में विसंगति अफसरशाही से नाराज कांट्रेक्टर एसोसिएशन की 16 को बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- छोटे ठेकेदारों का भुगतान रोकने का आरोप

निर्माण विभागों में मनमानी तथा विसंगति से नाराज छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन 16 सितंबर को राजधानी में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित करने जा रहा है। बैठक में निर्माण संबंधी विषय को लेकर चर्चा कर राज्य सरकार के सामने पेश करने आम सहमति बनाई जाएगी। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला के अनुसार संगठन की मजबूती और विस्तार के साथ ही विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार राज्य के विकास में कांट्रेक्टरों की अहम भूमिका होती है, लेकिन विभागीय अफसरों द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के बजाय हर स्तर पर जटिल प्रक्रिया उत्पन्न की जा रही है। उन्होंने अफसरों के रवैए से निर्माण कार्य प्रभावित होने का आरोप लगाया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार निर्माण विभाग के अफसरों की मनमानी के कारण उनका छह महीने से एक साल तक का भुगतान अटका है। इससे ठेकेदार आर्थिक तंगी की मार झेल रहे हैं। भुगतान नहीं होने से मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। इसका असर निर्माण कार्यों पर पड़ने का आरोप लगाया है।

### छोटे कांक्ट्रेक्टरों पर ज्यादा दबाव

एसोसिएशन के अनुसार सबसे ज्यादा परेशानी पीडब्लूडी में 10 करोड़ रुपए से कम का ठेका लेने वाले कांट्रेक्टरों को हो रही है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि विभाग छोटे कांट्रेक्टरों के बिल फाइनल होने के बाद भी उनका भुगतान समय पर नहीं करता। एसोसिएशन ने छोटे कांट्रेक्टरों के बिल फाइनल होने के बाद मुख्य अभियंता, प्रमुख अभियंता, कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारियों पर भुगतान रोकने का आरोप लगाया है।

## 20 लाख के घर में बचेंगे 80 हजार रुपए

# जीएसटी में बदलाव से अपना आशियाना होगा 4% तक सस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएसटी में बदलाव से अब अपना आशियाना बनाना सस्ता होगा। इसी के साथ रियल एस्टेट के घर भी सस्ते बिकेंगे, तो इसकी रफ्तार में भी तेजी आएगी। सबसे अहम बात यह कि घर बनाने के काम में आने वाला सीमेंट 10 फीसदी तक सस्ता होगा। इसी के साथ अन्य सामान पर भी जीएसटी कम हो रहा है, तो ऐसे में रियल एस्टेट का काम करने वालों का कहना है कि घर करीब चार फीसदी तक सस्ते हो सकते हैं। अगर सरिया में भी जीएसटी कम हो जाता, तो करीब आठ फीसदी तक घर बनाने की लागत कम हो जाती है। फिर भी अपना घर बनाने वाले या फिर रियल एस्टेट से अपना घर लेने वालों को फायदा होगा।

अपना घर, अपनी छत, ये हर आम आदमी का सपना होता है। अब केंद्र सरकार के जीएसटी रिफॉर्म से आम लोगों को अपना ये सपना हकीकत में बदलने में मदद मिल सकती है। दरअसल सीमेंट समेत कंस्ट्रक्शन में इस्तेमाल होने वाले कई मटेरियल पर जीएसटी घटा दिया गया है। इस कटौती से रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ी राहत मिलेगी। इससे निर्माण की लागत में ज्यादा तो नहीं, लेकिन करीब चार प्रतिशत की कमी आ सकती है।

### सीमेंट से बड़ी बचत

नए जीएसटी रिफॉर्म में सीमेंट पर टैक्स 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि ऐसा होने से सीमेंट के दाम प्रति बोरी 25 से 30 रुपए तक कम हो सकते हैं। घर बनाने के काम में सबसे ज्यादा सीमेंट ही लगता है। 20 लाख के मकान में अनुमान के मुताबिक करीब चार लाख का सीमेंट लग जाता है। ऐसे में इसी में ही करीब 40 हजार बच जाएंगे। इसके बाद सरिया का नंबर आता है, लेकिन इसके दाम कम नहीं होंगे, क्योंकि इसमें जीएसटी कम नहीं की गई है। बिल्डरों के मुताबिक घर बनाने लिए कच्चे माल के खर्च का सीमेंट का हिस्सा 25-30 प्रतिशत तक होता है। इसी की वजह से सबसे ज्यादा बचत होगी। इसी के साथ ब्लॉक और रेत-चूने की ईंटों पर टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी के साथ टाइल्स और ग्रेनाइट में भी जीएसटी को कम किया गया है। इससे खासकर मध्यम श्रेणी और प्रीमियम प्रोजेक्टों को राहत मिलेगी।



### चार फीसदी तक बचत संभव

जीएसटी में बदलाव के बाद घर बनाने की लागत में करीब चार फीसदी का फर्क आने की संभावना है। इतनी बचत आम आदमी के लिए ज्यादा तो नहीं, लेकिन फिर भी राहत देने वाली रहेगी।

**- विजय नत्थानी,** बिल्डर, रियल एस्टेट

### 40 लाख के घर पर 1.60 लाख की बचत

*बिल्डरों का कहना है कि मध्यम वर्ग 10 से 20 लाख तक का मकान ही चाहता है। ऐसे में दस लाख तक के मकान में करीब 40 हजार और 20 लाख के तक के मकान में 80 हजार की बचत होगी। आज कल सामान्य वर्ग वाले भी 40 लाख तक का घर ले रहे हैं। ऐसे में इनको 1.60 लाख की बचत होगी। यह बचत आम आदमी के लिए बहुत बड़ी है। इस बचत से घर की रजिस्ट्री का खर्च निकल सकता है। कोई चाहे तो अपने घर में इससे अतिरिक्त निर्माण करा सकता है। इस बचत से कोई दुपहिया वाहन लिया जा सकता है।*

## माता कौशल्या विहार में निगम कर रहा कचरा डंप, रहवासी बिफरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माता कौशल्या विहार के सेक्टर 2 स्थित खुले मैदान पर नगर निगम द्वारा कचरा डंप करने से लोग नाराज हैं। बिफरे लोगों ने गुरुवार को निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। भुक्तभोगियों का कहना है, पिछले कई दिनों से निगम इस सेक्टर में कचरा डंप कर रहा है। कचरे का नियमित उठाव नहीं होने से कूड़ा-करकट से उठने वाली दुर्गंध के कारण सांस लेना मुश्किल हो गया है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इससे बीमार हो रहे हैं। नाराज लोगों ने अमलीडीह स्थित जोन 10 दफ्तर जाकर समस्या दूर करने ज्ञापन सौंपा। नगर निगम खुद सफाई का पाठ भूल गया है। शहर से लगे कौशिल्या विहार को उसने कचरा विहार बना दिया है। माता कौशल्या विहार सेक्टर 2 के रहवासी इलाके के खुले मैदान पर आए दिन दर्जनों गाड़ियों से शहर के अलग-अलग इलाकों का कचरा डंप किया जा रहा है। गंदगी और बदबूदार हवा से लोग परेशान हैं। निगम में शिकायत के बाद भी नियमित रूप से कचरा नहीं उठ रहा है।

### जनहित में निर्णय लेंगे

कौशल्या विहार सेक्टर 2 रहवासी इलाके के खुले मैदान पर कचरा डंप करने की शिकायत मिली है। जनता को किसी तरह की असुविधा न हो, इस बात को ध्यान में रखकर सफाई कराई जायेगी। साथ ही जनहित में निर्णय लिया जायेगा।

**- मीनल चौबे,** महापौर, रायपुर नगर निगम

## बिजनेस साइट

### अमित सेल्स को स्वीडन में मिला 'सर्वश्रेष्ठ डीलर' का पुरस्कार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की व्यवसायिक प्रतिभा एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चमकी है। रायपुर स्थित अमित सेल्स के संचालक अमित बग्गा को स्वीडन में आयोजित एक विशेष समारोह में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक एसी बिक्री के लिए 'सर्वश्रेष्ठ डीलर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में वोल्टास लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सीपी मुकुंदन मेनन ने श्री बग्गा को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्री बग्गा ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और हमारे ग्राहकों के अटूट विश्वास का नतीजा है।

### रेशम खत्री की सफलता पर रायपुर कॉन्वेंट में भव्य सम्मान समारोह



**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर की छात्रा कु. रेशम खत्री (वाणिज्य संकाय) ने सत्र 2023 की माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि पद्मश्री फूलबासन यादव, डॉ. ममता साहू, अनिल द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने रेशम को स्मृति चिन्ह एवं 1,00,000 का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव कमल कसार एवं प्राचार्या सुधा मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी श्रीफल व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### लाइफ वर्सिटी ज्ञानदीप सम्मान समारोह का सफल आयोजन



**रायपुर।** श्री गणेश विनायक फाउंडेशन एवं लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा 'लाइफ वर्सिटी ज्ञानदीप सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने की। उन्होंने शिक्षकों को समाज का दीपस्तंभ बताया। इस अवसर पर श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के प्रेसिडेंट डॉ. अनिल के. गुप्ता ने कहा कि शिक्षक ज्ञान के साथ जीवन-मूल्यों का निर्माण करते हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों और समाजसेवियों को उनके योगदान हेतु 'ज्ञानदीप सम्मान' से नवाजा गया। इनमें सेना से सेवानिवृत्त शिक्षक, पर्यावरण कार्यकर्ता और योग शिक्षक शामिल थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनमें बच्चों द्वारा प्रस्तुत योग-नृत्य और 'महतारी वंदना' विशेष आकर्षण रहे। एसजीवी फाउंडेशन नेत्र स्वास्थ्य व सामुदायिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और 'अंधत्व मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ 20 जिलों में सेवाएं दे रहा है।

### जीके ग्रुप को एफएडीए के 7वें रिटेल कॉन्क्लेव में तीन राष्ट्रीय पुरस्कार




**रायपुर।** केंद्रीय भारत के प्रमुख ऑटोमोबाइल रिटेल समूह जीके ग्रुप को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के 7वें रिटेल कॉन्क्लेव में तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। यह कार्यक्रम केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के शुभारंभ के साथ संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से वाहन निर्माता कंपनियों, फाइनेंस संस्थानों, बीमा कंपनियों और डीलरों ने भाग लिया। जीके ग्रुप की इकाई जीके होंडा को मास 2-व्हीलर श्रेणी में विजेता घोषित किया गया, जबकि ओम ऑटोव्हील्स (टाटा कमर्शियल व्हीकल्स) और जीके ग्रुप को क्रमशः बिग डीलर श्रेणी व ग्रुप श्रेणी में रनर-अप सम्मान मिला। समूह के निदेशक पुनीत पारवानी ने इस सफलता का श्रेय ग्राहकों, ओईएम पार्टनर्स, समर्पित टीम और फाइनेंस सहयोगियों को दिया। रायपुर मुख्यालय वाला यह ग्रुप छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्र में होंडा, टाटा और जेसीबी ब्रांड्स का प्रमुख डीलर है। हाल ही में समूह ने जीके इलेक्ट्रिक के नाम से इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्माण की भी शुरुआत की है। ये पुरस्कार जीके ग्रुप की उत्कृष्टता और उद्योग में उसके योगदान का प्रमाण है।

### कोलंबिया संस्थान की छात्रा शीतल वर्मा तकनीकी विवि की मेरिट सूची में प्रथम



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी-टेक व बी-फार्मा 8वें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्रा शीतल वर्मा (कंप्यूटर साइंस) ने 86.98% अंक अर्जित कर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं शारदा लहरे (सिविल) व रागिनी यादव (ईटी एंड टी) ने क्रमशः तीसरा व पांचवां स्थान हासिल किया। कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के योगेंद्र कुमार ने 84.22% अंकों के साथ बी-फार्मा में दूसरा स्थान पाया। उन्होंने जीपैट 2025 व नाइपर 2025 भी क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय संस्थान की सुविधाओं, शिक्षकों के मार्गदर्शन, कार्यशालाओं व शोध प्रयोगशाला को दिया।

### 11वें सब-जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप का शुभारंभ



**रायपुर।** राजधानी के अग्रसेन धाम (फुंडहर) में 11वें सब-जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप का रंगारंग शुभारंभ बसंत अग्रवाल के कर कमलों से हुआ। 10 से 13 सितंबर तक चलने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 22 राज्यों से 750 खिलाड़ी, 100 कोच और 50 टेक्निकल ऑफिशियल्स भाग ले रहे हैं। कुराश एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा इंडियन कुराश एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का संचालन रवि कपूर एवं विक्रांत कुमार की देखरेख में किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष परिचय मिश्रा, महासचिव आदित्य सिंह ठाकुर सहित कई पदाधिकारियों ने आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। उद्घाटन अवसर पर बसंत अग्रवाल ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास लाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति की सराहना की। प्रतियोगिता स्थल पर दर्शकों और प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक रहा।

### धूमधाम से सम्पन्न हुआ 'एटी गणेश झांकी अवार्ड 2025'



**रायपुर।** सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने हेतु 'एटी गणेश झांकी अवार्ड 2025' का आयोजन अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा एटी पैलेस कोतवाली चौक में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर की विभिन्न गणेश झांकियों का मूल्यांकन संस्कृति, एकरूपता व सामाजिक संदेश के आधार पर किया गया। बतौर मुख्य अतिथि तिलोकचंद बरड़िया, निकेश बरड़िया व नितिन बरड़िया मौजूद रहे। इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स, जीतो टीम एवं समाज के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रतिभागी मंडलों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य पुरस्कार 19 सितंबर को वितरित किए जाएंगे। तिलोकचंद बरड़िया ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा, यह आयोजन हमारी परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी ने एकता और भाईचारे का सुंदर संदेश दिया।

### छत्तीसगढ़ योग आयोग का योग प्रशिक्षण शिविर 16 से




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आगामी 16 से 25 सितंबर 2025 तक बीजापुर मुख्यालय के ज्ञानगुड़ी में दस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में सभी आयुवर्ग के महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं, जो योग में रुचि रखते हैं या योग का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। शिविर में भाग लेने के इच्छुक लोग बीजापुर के संबंधित नोडल अधिकारी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। यह शिविर छत्तीसगढ़ योग आयोग की प्रदेशव्यापी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनसामान्य को योग के लाभों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। छत्तीसगढ़ योग आयोग के चेयरमैन रूपनारायण सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग का प्रयास है कि प्रदेश के हर वर्ग तक योग को पहुंचाया जाए, जिससे लोग न केवल शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहें, बल्कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास में भी उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

### उरला इंडस्ट्रीज एसो. ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से महानदी भवन में भेंट कर केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी रिफॉर्म और राज्य की कैबिनेट बैठक में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता उद्योग का दर्जा देने पर आभार जताया। एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म 2025 से एमएसएमई, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा व निर्यात क्षेत्रों को नई ऊर्जा देगा। 5% और 18% कर स्लैब से कर अनुपालन आसान होगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं को उद्योग का दर्जा मिलने से निवेशकों को ब्याज व पूंजी अनुदान, जीएसटी प्रतिपूर्ति, बिजली व स्टाम्प शुल्क में छूट जैसे लाभ मिलेंगे। यह नीति 2030 तक प्रभावी रहेगी। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुए शीघ्र अधिसूचना जारी करने की मांग की है।

## अर्बन आटो सील करते ही 5 लाख का थमाया चेक



- 9 साल का 16 लाख रुपए का टैक्स था बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुंदरनगर क्षेत्र में नोटिस लेकर सील करने गये निगम अमले को देखते ही अर्बन आटो के संचालक ने 5 लाख का बकाया चेक भुगतान कर दिया। उस पर 9 साल का 16 लाख रुपए का टैक्स बकाया था। इसके एवज में 5 लाख रुपये जमा किये गये।

पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के बकायादार रामदुलारी अग्रवाल पति जगदीश अग्रवाल की संपत्ति जिसमें वर्ष 2016-17 से बकाया राशि 16,17,433 रुपये का भुगतान नहीं किये जाने पर अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया था। इसके बाद भी बकाया राशि का भुगतान नहीं संबंधित करदाता ने समय पर नहीं किया। गुरुवार को अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा और जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देश पर जोन 5 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव के नेतृत्व में निगम की टीम ने सीलबंदी की कार्रवाई की। इस दौरान किराएदार मृदुला शुक्ला द्वारा मालिक रोहित अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल तथा विमलादेवी अग्रवाल की ओर से स्थल पर 5 लाख का चेक दिया गया। जोन कमिश्नर की अनुमति से सीलबंदी पर रोक लगाई गई। इसके साथ ही भक्त कर्मा माता वार्ड में व्यावसायिक परिसर के बकायादार माया तिवारी के नाम से 3,31,328 रुपये होने पर सीलबंदी की गई। संपत्ति करदाता द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने पर सील खोली गई। बकाया राशि वसूली अभियान में जोन 5 के राजस्व निरीक्षक राजेश मुले, मनीष भोई सहित उनकी टीम का सहयोग रहा।

## सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड गोकुल नगर गोठान क्षेत्र को हरा-भरा बनाने 8 हजार पौधों का होगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- निगम का पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग करा रहा मियावाकी प्रोजेक्ट में पौधारोपण

नगर निगम का पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग महापौर मीनल चौबे और पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू के मार्गदर्शन में शहर के आधा दर्जन चयनित स्थलों पर मियावाकी प्रोजेक्ट के तहत 21 हजार विभिन्न प्रजाति के फलदार, छायादार और फूलदार पौधों का रोपण करा रहा है। इसमें नगर निगम के सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण की तैयारी है। यहां पर 5 हजार से अधिक अलग-अलग प्रजाति के पौधे रोपित कर खारुन नदी किनारे वाले क्षेत्र को हरा-भरा बनाया जाएगा। वहीं जोन 6 क्षेत्र के गोकुलनगर गोठान में मिट्टी फिलिंग कर उसे समतल बनाते हुए 2500 पौधे जल्द रोपित किये जायेंगे।

रायपुर शहर को हरित एवं स्वच्छ शहर बनाने नगर निगम द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुरानी बस्ती क्षेत्र के खोखो तालाब पार में बड़ी संख्या में पौधा रोपण कराया गया। उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू ने बताया कि शहर के आउटर वार्ड में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर मियावाकी प्रोजेक्ट के तहत आम, जामुन, जाम, कटहल, आंवला, सीताफल, इमली जैसे फलदार पौधे रोपित करने अभियान चलाया जा रहा है।

छायादार पौधे के रूप में नीम, गुलमोहर, पेलटाफोरम, कचनार पीपल, मौलश्री, करंज, अशोक, महुआ, झारुल, अर्जुन प्रजाति के पौधे लगवा रहे हैं। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के लभांडी स्थित संकल्प फेस 2 सोसाइटी परिसर में 3500 पौधे, फुंडहर के वर्किंग वूमन हॉस्टल परिसर में 2500 अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाये गये हैं। इसी तरह सड्डू के प्रयास हास्टल परिसर में 1500 पौधों का रोपण कराया गया है।

## मंत्रालय के नवनियुक्त कर्मचारियों की निशुल्क बस पास सुविधा बंद, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सचिव को पत्र लिखकर मांगा प्रतिमाह 2000 रुपए भत्ता

नवा रायपुर अटल नगर में शिफ्टिंग के साथ ही मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय के नवनियुक्त कर्मचारियों की निःशुल्क बस पास की सुविधा बंद कर दी गई है। इससे आक्रोशित कर्मचारियों ने वाहन भत्ता 100 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 2000 रुपए किए जाने की मांग की है। कर्मचारियों ने उनकी मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

नवनियुक्त कर्मचारियों ने वित्त विभाग के निर्देश के मद्देनजर निःशुल्क बस पास की सुविधा बंद किए जाने को कर्मचारी हितों की घोर अनदेखी एवं अदूरदर्शितापूर्ण निर्णय करार दिया है। कर्मचारियों ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को लिखे पत्र में कहा, इस निर्णय से नवनियुक्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वाहन भत्ता लेना होगा, जो दशकों से केवल 100 रुपए प्रतिमाह मिल रहा है। पत्र में बताया कि रायपुर से नवा रायपुर के बीच बस का किराया 40 रुपए है, इस लिहाज केवल एक बार रायपुर आने जाने में ही 80 रुपए खर्च होगा। शासन से एक माह का वाहन भत्ता केवल 100 रुपए निर्धारित है। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक निःशुल्क परिवहन सुविधा से कर्मचारियों को वंचित किये जाने के निर्णय का क्या आधार अथवा मापदण्ड शासन को प्रस्तुत किए गए होंगे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


04



पील ऑफ मास्क लगाते समय ...

## एजुकेशन अलर्ट

### दुकानों पर रिटेल-होलसेल में बेच रहे एनीमे सीरीज के कैरेक्टर, जेन-जी को आ रहे पसंद



**रायपुर।** शहर में आजकल यूथ विदेशी सामान खरीद रहे हैं, जिसे अपनी डेली लाइफस्टाइल में इस्तेमाल करते हैं। मार्केट में जैसे ही कोई न्यू प्रोडक्ट आता है, यूथ एडवांस बुकिंग या अगले दिन ही जाकर दुकान से खरीदारी कर लेते हैं। इन सामानों की जानकारी आसानी से सोशल मीडिया के जरिए या दोस्तों से पता कर लेते हैं। शहर में अब विदेशी सामानों को बेचने वाली न्यू शॉप खुद सोशल मीडिया खासकर इंस्टा पर अपने प्रोडक्ट की जानकारी दे देती हैं, जिससे यूथ आसानी से न्यू विदेशी सामान के बारे में जान जाते हैं। हाल ही में शहर में एनीमे देखने व उनके कैरेक्टर के टॉय का क्रेज लगातार बढ़ रहा हैं। एनीमे के सीरीज के रूप में रॉम-कॉम, कॉमेडी, मिस्ट्री जैसी कहानी को कार्टून के रूप में नेटफ्लिक्स या अन्य ओटीटी प्लेटफार्म पर दिखाते हैं, जो जेन-जी बेहद पसंद आती है और वही कैरेक्टर यहां के दुकानदार बेच रहे हैं। खास बात ये है कि दुकान संचालक भी यूथ हैं, जो जेन-जी की डिमांड पूरी कर रहे हैं।

#### एनीमे टी-शर्ट, चाबी रिंग, पैन-पाउच में

पचपेड़ी नाका स्थित शॉप पर कुछ दिन पहले ही भरत जैन ने एनीमे का रिटेल व होलसेल का स्टोर ओपन किया, जिसमें एनीमे के कई कैरेक्टर मौजूद हैं। उनकी दुकान पर एनीमे टी-शर्ट, की-रिंग, पैन-पाउच, कॉफी कप, फोन कवर, डायरी व टेबल पर सजाने के लिए छोटे-बड़े आकार में एनीमे कैरेक्टर उपलब्ध हैं, जैसे डिटेक्टिव कोनन, नारूतो के साथ अन्य सीरीज के कैरेक्टर। यह सामान यूथ एनीमे लवर का ज्यादा पसंद आ रहा है और साथ ही गिफ्टिंग के लिए बेहद खास है। शहर में अभी मरीन ड्राइव पर छोटे स्टॉल में भी ये प्रोडक्ट उपलब्ध हैं।

## स्वदेशी होममेड फूड और जनरल प्रोडक्ट्स की सुपर मार्केट तक धमक

# गृह उद्योग से जुड़े महिला समूहों और व्यक्तियों ने बनाई होममेड फूड प्रोडक्शन मार्केट में अलग पहचान

बाजार में गृह उद्योग यानी हाथों से निर्मित खाने-पीने व जनरल उपयोग के सामान की मांग तेजी से बढ़ रही है। होममेड फूड्स व दूसरे प्रोडक्ट्स अब खुले बाजार के जनरल दुकानों या निजी संस्थाओं तक सीमित न होकर सुपर मार्केट तक में जगह बना ली है। स्वदेशी होममेड फूड्स व जनरन प्रोडक्ट्स के निर्माण में स्वसहायता समूह की महिलाएं व व्यक्तिगत तौर पर पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोग कर रहे हैं, इनमें पारंपरिक व्यंजन पापड़, अचार आदि की पैकेजिंग, हैंड क्रॉफ्टेड होम डेकोरेटिव आयटम्स, फैशन से जुड़ी वस्तुओं में कपड़ों की कढ़ाई-बुनाई-रंगाई शामिल है। इन स्वदेशी होममेड सामग्री में खाने-पीने की सामान की सबसे ज्यादा डिमांड हो रही है।





### मशीनों से बने फूड प्रोडक्ट्स की तुलना में ज्यादा हेल्दी

शहर की जानी-मानी डायटिशियन पूजा हिरवानी ने बताया कि गृह उद्योगों में अधिकतर मैन पॉवर का उपयोग करते हैं, जो हैंडमेड फूड निर्माण किया जाता है। होममेड पद्धति में हाथों से बनी खाने-पीने की चीजों की बड़ी फूड प्रोसेसिंग फैक्ट्रियों में मशीनों से निर्मित प्रोडक्ट्स की तुलना में अधिक हेल्दी मानी जाती है। विदेशी व ब्रांडेड फूड प्रोडक्ट्स खुले बाजार व सुपर मार्केट में स्वदेशी होममेड फूड प्रोडक्ट्स व जनरल सामान की बढ़ती डिमांड की मुख्य वजह यही है कि ये ग्राहकों को अपने घर में खाने-पीने के अहसास के साथ-साथ सेहतमंद बनाते हैं।



**रायपुर।** स्वदेशी गृह उद्योग होममेड फूड प्रोडक्शन से जुड़ी रूखमीन महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष संतोषी साहू बताती हैं कि उनके समूह ने 5 साल पहले 11 महिला सदस्यों के साथ मिलकर शासन की मदद से अचार, पापड़, बच्चों व बड़ों की पसंद के पारंपरिक व्यंजन, नमकीन, गांठिया, पापड़ी, पानीपुरी, मुरमुरा, फूटा चना, मूंगफली दाना, मटर दाना सहित देशी सब्जी, गरम मसाले आदि निर्माण के लिए गृह उद्योग शुरू किया था। इनमें निर्मित होममेड खाने-पीने के सामान की मार्केटिंग व सप्लाई शहर के निजी जनरल स्टोर्स, शासकीय संस्थानों की कैंटिन, स्कूल, आंगनबाड़ियों से होते हुए सुपर मार्केट तक पहुंच गई है। इन सामग्री की डिमांड पांच सालों में दोगुनी से अधिक हो गई है। शहर के कई सुपर मार्केट में रूखमीन महिला स्वसहायता समूह के स्वदेशी गृह उद्योग की सामग्री बिक रही हैं।

### आर्थिक लाभ के साथ मार्केटिंग की सीख मिल रही

शहर की सुकवारो स्वसहायता समूह की अध्यक्ष सोनबती का कहना है कि शासन के मदद से संचालित गृह उद्योग हमें आर्थिक संबल के साथ-साथ व्यापार कैसे किया जाता है, कहां किसी सामान की मांग है, कितना मुनाफा होगा, जैसी बातें सीखने को मिल रहा है। इसके अलावा मार्केट में एक पहचान भी बन रही है। हमारा समूह पारंपरिक व्यंजन, अचार, पापड़, पानीपुरी, मुरमुरा, मीठी बालूशाही, खुरमी, गुजिया और मोमबत्ती आदि बनाकर स्थानीय बाजारों और समारोहों में बेच रही हैं। वहीं पारंपरिक तौर पर गरम मसाले, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, लौंग, इलायची पैकेजिंग के व्यवसाय से जुड़े बोरियाकला निवासी राधेश्याम अग्रवाल ने बताया कि उनके मसाले की सप्लाई शहर के अधिकतर जनरल स्टोर्स, थोक मसाला मार्केट, सुपर मार्केट में हो रही है।

## समाज इवेंट

### सोशल मीडिया पर न्यू ट्रेंड, थ्री-डी मीनिएचर के जरिए यूजर्स डिफरेंट लुक में आ रहे नजर



**रायपुर।** सोशल मीडिया हर महीने कुछ न्यू ट्रेंड लेकर आता है और सभी यूजर्स उसे फॉलो करते हैं। एआई टूल्स चैट-जीपीटी व जेमिनी हर दूसरे दिन कुछ आर्ट से रिलेटेड न्यू वर्सन लेकर आते हैं और सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड सेट कर देते हैं। जितनी जल्दी ये सोशल मीडिया में वायरल होता है, उतनी जल्दी ही खत्म हो जाता है। हाल ही में घिबली आर्ट छाया रहा, अब पूरे सोशल मीडिया पर 3डी मीनिएचर का जलवा छाया हुआ है और तेजी से ट्रेंड कर रहा है। आजकल बॉलीवुड, इंफ्लुएंसर, नए यूजर्स इसे क्रिएट कर अपने फॉलोअर्स बढ़ा रहे हैं। साथ ही जिनको अच्छे से जानकारी नही होती, वे भी दूसरों की मदद से ट्रेंड को फॉलो करते हैं, ताकि वे भी सोशल मीडिया का हिस्सा बने रहें। 3डी मीनिएचर में लोग अपने काम को दिखा रहे हैं, साथ ही हर तरीके की फोटो से यह मीनिएचर बन जाता है।

**वायरल का होने का फीवर** : यूजर्स इस ट्रेंड को इंस्टा, फेसबुक व अन्य प्लेटफार्म के जरिए अपने आप को अलग-अलग लुक देकर अच्छे कैप्शन को लिखते और तब पोस्ट करते हैं। यह एक तरीके से वायरल होने का नया हथियार है, जिससे उन्हें लाइक व कमेंट मिलें। कुछ दिन पहले आए इस ट्रेंड से टेक्नो दिलीप के वीडियो पर 14.6 मिलियन व्यूज व 85 हजार से ज्यादा कमेंट आए हैं। यूथ के साथ-साथ अन्य लोग भी इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं।

#### ट्रेंड बनाने जेमिनी एआई टूल का प्रयोग

इस न्यू ट्रेंड में कंप्यूटर स्क्रीन पर ग्रॉफिक डिजाइन जैसा प्रतीत होता है, मानो किसी ने खुद से क्रिएट किया हो। साथ ही गोलाकार शीशे के ऊपर छोटा-सा पुतला रहता है, मानो पुतला पूरे तरीके से रीयल हो। फोन कवर के रूप में भी डिजाइन उभरकर आता है। एक ही फोटो को तीन अलग-अलग स्टाइल में खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। इस ट्रेंड को बनाने के लिए जेमिनी एआई टूल का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही बड़े-छोटे इंफ्लुएंसर, क्रिएटर प्रोम के बारे में लगातार बता रहे हैं या अपने बॉयो,कॉमेंट सेक्शन में लिखा हुआ हैं। जिससे कोई भी प्रोम का इस्तेमाल करके मीनिएचर को बना सकते हैं।

#### डिफरेंट लुक में नजर आ रहे इंफ्लुएंसर

इस ट्रेंड को फॉलो करने वाले ज्यादातर अपने खास पल को बनाकर इंस्टा में अपलोड कर रहे हैं। इसमें ट्रेंवलर इंफ्लुएंसर अपने पसंदीदा डेस्टीनेशन के साथ बाइक व कार में बैठे जर्नी के बारे में बता रहे, फेस्टीवल को यादगार बनाने के लिए बप्पा सिंहासन पर विराजे, दिखाया गया है। साथ ही लोग इस ट्रेंड के साथ अपने शौक के बारे में बता रहा हैं। कोई अपने दोस्तों के वक्त बिताते, मिरर सेल्फी लेते हुए, पति-पत्नी का स्नेह, छोटे बच्चे खेलते हुए व सेलेब्रिटी हाथ जोड़े, मॉडल अपनी स्टाइल दिखाते, किसान के रूप में भी यूजर्स खुद को दिखाकर इस ट्रेंड के जरिए डिफरेंट लुक दे रहे हैं।

## ग्रैंडमास्टर प्रवीण ने सिखाए चेक एंड मेट के दांव-पेंच शतरंज में धैर्य-अनुशासन को बताया सफलता की कुंजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा बेबीलॉन इन रायपुर में सात दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने शतरंज के खिलाड़ियों को दांव-पेंच सिखाए। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल खेल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह धैर्य और अनुशासन की कसौटी भी है। हम प्रशिक्षण के दरमियान जो भी दांव-पेंच सीखेंगे, वे जीवन के हर क्षेत्र में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ बलराम जाखड़ का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि बलराम जाखड़ कॉलेज के दिनों में यूनिवर्सिटी चैंपियन रहे हैं। उन्होंने अपनी सभी उपलब्धियों का श्रेय शतरंज को दिया। शतरंज खेलकर हम भले ही बड़ी-बड़ी स्पर्धाएं न जीतें, लेकिन जीवन में एक अच्छे इंसान जरूर बन सकते हैं। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभवों से खिलाड़ियों को चुनौतियों से लड़ने की सीख दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे ने बताया कि इसी माह दो और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया था, जिसमें अंडर-7 से अंडर-13 आयु समूह के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस कैंप के मुख्य प्रशिक्षक नागपुर के इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख व रायपुर के कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के चयनित खिलाड़ियों को ही यह प्रशिक्षण मुहैया कराया जा रहा है, जिसमें अंडर 15, 17, 19 व सीनियर वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं।



### शतरंज की बारीकियों का विधिवत प्रशिक्षण ले रहे

प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व फीडे मास्टर किरण अग्रवाल व राज्य शतरंज संघ के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी एम. चंद्रशेखर ने भी संबोधित किया। सात दिवसीय इस शतरंज प्रशिक्षण में 20 चयनित खिलाड़ी शतरंज की बारीकियों का विधिवत प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण के संयोजक विकास शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव आनंद अवधिया ने किया। प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर राज्य संघ के अन्य पदाधिकारियों में कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार, ईश्वर सिंह राजपूत, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, ओलंपिक एसोसिएशन के अशोक दुबे, सुभाष बसोने, अनिल शर्मा व प्रतिभागियों सहित पालक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ कॉलेज में ददरिया पंथी के थाप पर झूमे छात्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में राज्य रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ी लोकगीत में ददरिया, पंथी, भरथरी, गौरा-गौरी लोकगाथा, लोकगीत-नृत्य की अनुपम प्रस्तुति हुई। छात्र-छात्राओं ने ठेठ देसी अंदाज में पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीत-संगीत से समां बांधा। वहीं जसगीत की भक्तिमय प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों के मन में भक्ति जागृत की।



कार्यक्रम में लोक संस्कृति व भक्ति गीतों की छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अतिथियों ने दर्शक के रूप में खूब आनंद लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सेवा साहू और द्वितीय स्थान पर डिकेश्वर सैनिक रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनी यदु ने किया और विशेष सहयोग रहा डॉ. मंजू वर्मा , डॉ. निशा शर्मा , डॉ. शिल्पी शुक्ला का रहा। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. सुभद्रा राठौर प्राध्यापक छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने छात्र-छात्राओं द्वारा राज्य रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति की तारीफ किया।

## अंताक्षरी की सुरमयी शाम में गूंजे नाइंटीज के सांग्स, शानदार गीतों के जानकार टीम विजेता

# जब कोई बात बिगड़ जाए, जब कोई मुश्किल पड़ जाए... गाकर लूटी महफिल, झूमीं महिलाएं

कार्नर न्यूज

*रायपुर। चाहे तुम कुछ ना कहो, मैंने सुन लिया..जब कोई बात बिगड़ जाए, जब कोई मुश्किल पड़ जाए...नजर के सामने जिगर के पास..जैसे सुरमयी नाइंटीज के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति अंताक्षरी के दौरान प्रतिभागियों ने दी। यह कार्यक्रम जेसीआई वामांजलि द्वारा अंताक्षरी सीजन-4 एवं जेसी वीक समापन समारोह पर आयोजित किया गया। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां अंताक्षरी के लिए 20 टीमों ने हिस्सा लिया।*





### अंताक्षरी सीजन-4 में 20 टीमों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने बेटी बिना नहीं सजता घरौंदा, बेटी है संस्कारों का परिंदा। कोशिश हमारी पहचान, संगीत ही हमारी आन, बान, शान। हर सुर में मिले एक नई उम्मीद, धुन और सेहत जीवन का गीत। जैसे अनेक संदेश भी कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने तैयार किए, इसके पोस्टर्स ने कई लोगों को संगीत के लिए भी प्रेरित किया है। शानदार संगीतमयी कार्यक्रम के दौरान सभागार दर्शकों से भरा रहा, जिन्होंने तालियों की गूंज के साथ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया।

### अंताक्षरी में सदाबहार पारंपरिक व छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति

इस दौरान मिले सुर मेरा तुम्हारा, क्यूट फ्रेंड, सुरों के रंग, भव्य के संग, शानदार गीतों के जानकार, कोशिश हमारी पहचान, बेस्ट ऑफ टोटल जैसी विभिन्न टीमों ने अपने अनोखे अंदाज में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत से ही नाइंटीज के गानों का सिलसिला जारी रहा, जहां निर्णायकों को चार राउंड में फाइनलिस्ट मिले। इसमें पहला स्थान शानदार गीतों के जानकार, दूसरा ऑपरेशन सिंदूर और तीसरा स्थान छत्तीसगढ़ महतारी ग्रुप को मिला, जिन्होंने अपने प्रस्तुति में सदाबहार गीत, छत्तीसगढ़ी, पारंपरिक गीत और फिल्मी गीतों की सुरमयी प्रस्तुति में दर्शकों के समक्ष मनमोहक प्रस्तुति दी।

## सिटी लाइव

# दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए समाज के लोग आगे आएं



**रायपुर।** समाज के लोगों को आगे आकर दिव्यांग बच्चों की सहायता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही परिषद के जो सदस्य राज्य सरकार के विभिन्न आयोग और मंडलों में मनोनीत हैं, उन्हें भी परिषद के काम में खुद भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। दिव्यांग बच्चों की मदद करने के लिए सजगता दिखानी चाहिए। परिषद के सदस्यों को स्पीच थेरेपी सेंटर में अधिकाधिक लोगों को लाने, परिषद द्वारा किए जा रहे काम को भी बताना चाहिए। उक्त बातें रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। मधु पिल्ले चौक शांति नगर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की वार्षिक आमसभा की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ आयोजन का शुभारंभ किया। गुरुवार को परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक त्रिपाठी, महासचिव चंद्रेश शाह ने सांसद को शॉल और श्रीफल के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। नथमल कोठारी, विश्वनाथ पाणिग्रही, अरुण छाबड़ा, मनोज शर्मा, दिव्यांश शेखर चंदेल, गेंददास वैष्णव, ढाल सिंह साहू ने सांसद का स्वागत और नए मोनो का विमोचन किया।

### इनका किया गया आमसभा में सम्मान

वार्षिक प्रतिवेदन चंद्रेश शाह और ऑडिट रिपोर्ट के साथ आगामी प्रस्तावित बजट इंदिरा जैन ने पेश किया। परिषद द्वारा संचालित सभी संस्थाओं की वीडियो क्लीपिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। वहीं सरकार के आयोग, निगम और मंडलों में नियुक्त होने पर उनका सम्मान किया गया। इसमें लोकेश कावड़िया, अध्यक्ष निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम, सोमनाथ यादव आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड, डॉ. सलीम राज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड, प्रफुल्ल विश्वकर्मा अध्यक्ष लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग प्रमुख थे। बालगृह कोंडागांव की बालिका रंजीता कोरेटी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलो इंडिया जूडो में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर अभिनंदन किया गया। आमसभा का संचालन संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम और आभार सुनीता चंसोरिया ने प्रकट किया।

## सिटी इवेंट

# वैश्विक बंधुत्व की शुरुआत घर-परिवार से होनी चाहिए




**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय को शक्तिदायक शैक्षणिक व्यवस्था निरूपित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि बंधुत्व का विकास अच्छी दोस्ती, मित्रवत व्यवहार, सदाचार का प्रारंभ स्वयं के घर से ही होता है। ऐसी भावना युवा श्रोताओं को राज्यपाल श्री डेका ने गुरुवार को दी। युवाओं की आत्मीय वातावरण निर्माण में अहम भूमिका बताते हुए उन्होंने घरों में विभिन्न कमरे और मोबाइल्स की व्यस्तता को भी जिम्मेवार ठहराया। अपनी भूमिका को गरीब परिवारों के साथ में भोजन के लिए प्रोत्साहन और इस प्रयोजन के लिए निश्चित सहयोग को साझा किया। युवाओं को अच्छी संगत का निर्माण और उसके साथ विवेकानंदजी के विचारों के साथ स्वयं की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने की राय दी। कार्यक्रम में केंद्र के संरक्षक आत्मबोध अग्रवाल, प्रांत संगठक ऋतुमणि दीदी, प्रो. अजय शर्मा एवं विमर्श प्रमुख सुयश शुक्ल ने राज्यपाल का स्वागत किया।

### शिकागो की धर्मसभा में निहित सामरिक संदेश

"शिकागो धर्मसभा के सामरिक संदेश" को युवा ललक ही 2047 के भारत में फलीभूत करेगा। यह बात राकेश चतुर्वेदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में विवेकानंदजी की धर्मसभा के पूर्व उस सम्मेलन में प्रतिभागी बन पाने के संघर्षों के तथ्य की व्याख्या की। संजीव गुप्ता ने अपने विचार पेश किए तो वहीं महानगर संचालक चेतन तारवानी ने आभार प्रदर्शन, अल्पना मोहदीवाले ने ओंकार प्रार्थना, गीत निर्जला दीदी, विवेक वाणी मीना दीदी, शांति मंत्र मनीषा गर्ग दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीता शुक्ला ने किया।

## समाज इवेंट

# श्रीमद भागवत कथा को झांकियों से बच्चों ने बनाया आकर्षक



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में मुंबई से आए आचार्य धनंजय वैद्य शास्त्री से श्रीमद भागवत कथा सुनने यहां पहुंचने वाले श्रोताओं के बीच गुरुवार को खास अवसर बना। बिना गीत-संगीत के सांस्कारिक जीवन को स्पर्श करते हुए बेहतरीन उदाहरण से जुड़े कथा प्रसंग मानस पटल में पैठ बना रहे हैं। इसी तरह प्रवचन के बाद उत्साही व प्रतिभाशाली बच्चों और महिलाओं ने जीवंत झांकियों की श्रृंखला से श्रद्धालुओं के बीच समां बांधते हुए मनमोहक अंदाज में पेश किया। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम के बाल्यकाल से स्वयंवर तक की झांकी ने भक्तों को प्रभावित किया। मासूम बच्चों संग उनकी माताओं में आकांक्षा गद्रे, विशाखा दुबे और अनुजा महाडिक ने भी ध्यान आकर्षित किया। इस झांकी में चौंकाने वाला पात्र ऋषि परशुराम और उनका आवेग के साथ संवाद था। इसको आर्टिसन अजय

### प्रस्तुति देख गूंजा नारायण नारायण

इससे एक दिन पहले वाले प्रवचन के बाद वामन अवतार की झांकी में बच्चों ने कमाल का परफार्मेंस दिया। झांकी में विशेष सहयोग करने वाली अक्षता पंडित के अनुसार वामन अवतार के रोल में अक्षत पंडित, राजा बलि विहान कालेले, शुक्राचार्य तनिष डोनगांवकर ने दमदार पार्श्व संगीत से अच्छा अभिनय किया। चारुशीला देव ने कथा वाचन किया। वहीं प्रवचन के पहले दिन भक्त प्रहलाद प्रसंग के आधारित झांकी देख कथास्थल पर नारायण... नारायण की गूंज रही। दर्द भरी कराहती आवाज में नारायण... नारायण... कहने वाले भक्त प्रहलाद बने प्रथमेश ओगले ने सभागृह में श्रद्धालुओं की सहानुभूति बटोरी। होलिका के किरदार में प्रन्हवी ओगले, नरसिम्हा बने अक्षत पंडित और हिरण्यकश्यप के जटिल अभिनय में अनय पंडित ने प्रभावित किया।

● राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले बंगाली समाज के लोगों ने शुरू की पांच दिवसीय पूजा उत्सव की तैयारी

# जमींदार की हवेली में विराजेंगी माता, हाईकोर्ट की तर्ज पर बनेगा पंडाल, दक्षिणेश्वर मंदिर-सा सज रहा श्रीधाम

*बंगाली समाज के सदस्यों द्वारा श्री दुर्गा पूजा को उत्सव का रूप देने की तैयारी अब जोर पकड़ने लगी है। शहर के अलग-अलग क्षेत्र की समितियों ने दो महीने पहले दिव्य पंडाल बनवाने कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कारीगरों को दायित्व दिया है। नवरात्रि की पंचमी तिथि यानी 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले पूजा उत्सव को खास बनाने के लिए दक्षिणेश्वर स्थित मां काली मंदिर जैसा अलौकिक समागम का माहौल देने के लिए माना में पंडाल सजना शुरू हो गया है।*

### दक्षिणेश्वर स्थित मां काली मंदिर जैसा देंगे लुक

माना बाजार में इस साल 51वां दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारी है। दो महीने से पश्चिम बंगाल के 14 कारीगरों द्वारा 75 वर्गफीट एरिया में 85 फीट ऊंचा भव्य पंडाल निर्मित किया जा रहा है। बनने के बाद माता का श्रीधाम दक्षिणेश्वर स्थित मां काली मंदिर की तरह दिखाई देगा। इसको लेकर दुर्गा पूजा समिति श्रीश्री महाकाली जन सेवा समिति के सचिव बिश्वनाथ पाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को भी पूजा स्थल क्षेत्र में ही मेले का लुत्फ मिलेगा। दुर्गा पूजा में शामिल होने के लिए आने वाले लोगों को आस्था और मनोरंजन के साथ ही विविध व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। दिव्य पंडाल को रंगीन लाइटों से आकर्षक स्वरूप देने का दायित्व कोलकाता चंदन नगर से आए कारीगरों द्वारा निभाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्सव से कुछ दिन पहले ही सांस्कृतिक प्रोग्राम का शेड्यूल तय होगा।

**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कालोनी में इस साल दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों को माता का श्रीधाम बिलासपुर हाईकोर्ट में पूजा उत्सव का एहसास कराने वाला है। अंग्रेजों के जमाने से प्रचलित परंपरा के तहत कालीबाड़ी में पूजा उत्सव होने वाला है। इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को सदियों पहले जब बंगाल में जमींदारी प्रथा के बीच हवेली में होने वाले पूजा उत्सव जैसा माहौल देने की तैयारी समिति के पदाधिकारियों ने पहले से ही शुरू किया है। शाम को पूजा में परिवार के साथ शामिल होने वाले लोगों को उत्सव के बीच गीत-संगीत के साथ ही नाट्य श्रृंखलाओं से जोड़ने का प्रयास इस बार भी समिति के सदस्य करने वाले हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में 15 से ज्यादा स्थानों पर बंगाली समाज द्वारा पांच दिवसीय पूजा उत्सव का आयोजन इस बार धूमधाम से करने की तैयारी तेज हो गई है।



**बंगाल के जमीदारों की हवेली में पूजा का एहसास:** शहर के सबसे पुरानी बंगाली कालीबाड़ी समिति के रूप में पहचान रखने वाली दुर्गा पूजा उत्सव समिति कालीबाड़ी इस साल 93वां आयोजन करने जा रही है। समिति के अध्यक्ष तन्मय चटर्जी ने बताया कि इस बार वाटरप्रूफ डोम के साथ आकर्षक स्वागत द्वार और पंडाल भक्तों को दशकों पुराने बंगाल के जमींदारों की हवेली में होने वाली दुर्गा पूजा उत्सव का एहसास दे, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लाल-सफेद रंगों एवं लाइट्स से करीब 45 फीट ऊंचा पंडाल जगमगाने वाला है। इसके लिए एक सप्ताह से कोलकाता के कारीगरों द्वारा दिव्य स्वरूप दिया जा रहा है। पूजा उत्सव का शुभारंभ इस साल पंचमी से दशमी तक चलेगा।

### पांच दिवसीय पूजा में हर शाम सांस्कृतिक प्रोग्राम

डब्ल्यूआरएस में इस साल श्रीश्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने भक्तों को बिलासपुर हाईकोर्ट की तर्ज पर आकार ले रहे भव्य पंडाल में पूजा का अवसर मिलने वाला है। इस दिव्य पंडाल को कोलकाता के 13 कारीगरों द्वारा विगत 19 दिनों से संवारने का प्रयास किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सोमेन चटर्जी ने बताया कि पंचमी से लेकर दशमी तक होने वाले पूजा उत्सव का यह 59वां वर्ष है। इस बार माता की विदाई दशहरे की वजह से 3 अक्टूबर को की जाएगी। उत्सव के दौरान हर शाम गीत-संगीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला सजाई जाएगी, ताकि दर्शन के लिए पंडाल में आने वाले लोगों को समय बिताने के लिए माहौल मिल सके। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को व्यवस्था की बागडोर संभालने के लिए जिम्मेदारी पहले से तय की गई है।

### राजेंद्र नगर में सादगी से की जाएगी दुर्गा पूजा

इस 45वें वर्ष में श्री त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेंद्र नगर में सादगी से पूजा उत्सव मनाया जाएगा। सचिव विवेक वर्धन ने बताया कि समिति ने इस साल दुर्गा पूजा उत्सव को सामान्य साज-सज्जा में मनाने का निर्णय लिया है। पूजा में भव्यता की जगह सादगी का भी माहौल रहेगा। पंचमी से दशमी के बीच विधि-विधान से पूजा नियम को मंदिर परिसर में किया जाएगा। उत्सव में प्रतिदिन के विधान को यथावत किया जाएगा। केवल भव्यता को कम करने का प्रयास इस बार समिति ने किया है, ताकि 50वें दुर्गा पूजा उत्सव को गरिमामय स्वरूप दिया जा सके।

# स्मोकी आई और ब्रेडेड बन का क्रेज, गरबा नाइट में दिखेगा पारंपरिक लुक का मॉडर्न फ्यूजन

## मिरर वर्क हेयर स्टाइल और डिजिटल प्रिंट गरबा ड्रेस बनेगा ट्रेंडी लुक



*इन दिनों बेहतर आउटफिट के साथ मेकअप और हेयर स्टाइल का भी क्रेज लोगों में देखा जा रहा है। ऐसे में हरिभूमि ने शहर के मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट से खास बातचीत की और सोशल मीडिया या प्रोफशनल मेकअप आर्टिस्ट की तरह बेहतर ब्यूटी लुक के लिए जानकारी ली। मेकअप आर्टिस्ट का कहना है, गरबा नाइट में ग्लिटर आई शैडो और डबल-विंग्ड आईलाइनर यूनिक लुक तैयार करेगा। वहीं यूनिक हेयर स्टाइल के लिए क्राउन ब्रेड हेयर स्टाइल इस नवरात्रि ट्रेंड में रहेगा।*

**रायपुर।** नवरात्रि के अवसर पर गरबा और डांडिया नाइट की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार गरबा प्रेमी अपने यूनिक आउटफिट्स को पूरा करने के लिए एसेसरीज, मेकअप और हेयर स्टाइल पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। मेकअप में लोग लॉन्ग-लास्टिंग प्रोडक्ट्स का उपयोग कर रहे हैं, ताकि गरबा की रौनक में उनकी सुंदरता देर तक बनी रहे। साथ ही आउटफिट के अनुसार हेयर स्टाइलिंग की नई-नई डिजाइन सीखने का क्रेज भी तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मेकअप लुक्स और सेलिब्रिटी स्टाइल्स का असर भी इस बार गरबा नाइट पर दिखेगा। फिल्मी कलाकारों और मशहूर हस्तियों के स्टाइल को देखकर लोग अपने लुक्स में कुछ खास बदलाव करने जा रहे। मेकअप आर्टिस्ट्स अंजली चौहान का कहना है कि मेकअप में आई-मेकअप सबसे जरूरी होता है। इस स्टाइल से ही लुक्स को डिफ्लेंट किया जा सकता है।

### लॉन्ग-लास्टिंग प्राइमर से 7-8 घंटे तक टिकेगा मेकअप

लॉन्ग-लास्टिंग मेकअप लुक के लिए स्पेशल मेजिक प्राइमर मार्केट में उपलब्ध है, जो मेकअप को 7-8 घंटे तक स्थिर रखता है। इस प्राइमर की खासियत है कि यह चेहरे पर पसीना नजर नहीं आने देता। यह कहना है मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी टुटेजा का। उन्होंने बताया कि गरबा नाइट में ग्लिटर आई शैडो, डबल-विंग्ड आईलाइनर व काजल का स्मोकी टच ट्रेंड में रहेगा। वहीं मेकअप के दौरान ब्लश डार्क शेड का उपयोग करें, जिससे चेहरे पर रौनक दिखेगी।



### गरबा लुक में ब्रेडेड बन बबल पोनीटेल, फिशटेल साइड ब्रेड का हेयर स्टाइल

इन दिनों गरबा आउटफिट्स फैशन ट्रेंड में हैं, जिनमें डिजिटल प्रिंट, इंडो-वेस्टर्न लुक, सिंघारिया गरबा ड्रेस, कांधिया, घेरदार लहंगा और अन्नकुची ड्रेस युवाओं की पहली पसंद बन गई हैं। जिसके कारण लोग ड्रेस के अनुसार, हेयर स्टाइल में भी खास बदलाव करना पसंद कर रहे हैं। हेयर स्टाइलिस्ट ममता त्रिपाठी ने बताया कि इस साल गरबा लुक को और खास बनाने के लिए ब्रेडेड बन, बबल पोनीटेल, फिशटेल साइड ब्रेड, फ्लावर डेकोर और करली बालों का ट्रेंड देखने को मिलेगा। वही महिलाएं खुले बालों में मिरर वर्क, स्टोन वर्क, गोटेदार लेस, और राजस्थानी एसेसरीज का प्रयोग कर यूनिक लुक तैयार करेगी।

# इंद्रावती भवन में तीज मिलन समारोह, दी रंगारंग प्रस्तुति



**रायपुर।** इंद्रावती भवन में कार्यरत समस्त महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समस्त महिला शासकीय कर्मचारियों ने सोलह श्रृंगार के साथ विभिन्न पारंपरिक वेशभूषा में सहभागी बनकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उपस्थित जनसमूह को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आसमान में इंद्रधनुष की छटा बिखर गई हो। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली।

### तीज पर्व नारी शक्ति का सम्मान व आत्मबल का प्रतीक : कमल वर्मा

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर श्रम आयुक्त सविता मिश्रा और विशिष्ट अतिथि कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा रहे। अपने उद्बोधन में कमल वर्मा ने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम है, बल्कि सामुदायिक सहयोग और महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। तीज पर्व नारी शक्ति के सम्मान और उनके आत्मबल का प्रतीक है। यह पर्व केवल सुहागिनों की मंगलकामना से ही नहीं, बल्कि संस्कार, श्रद्धा और सामाजिक एकता के प्रतीक रूप में भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में संचालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष वर्मा, संगठन सचिव लोकेश वर्मा, भू-अभिलेख विभाग अध्यक्ष अमित शर्मा एवं संचालयीन कर्मचारी संघ के हेमप्रसाद गायकवाड़ की उपस्थिति रही।

मुक्ताकाशी मंच पर पारंपरिक लोकनृत्य राउत नाचा, ढोला मारू और पंडवानी की रंगारंग प्रस्तुति

# राउत नाचा में दिखी भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कालिया नाग मर्दन की लीला, पंडवानी में महाभारत की गाथा

**कार्नर न्यूज**

*लोकरंग पर्व के तीसरे दिन पुरातत्व विभाग परिसर स्थित मुक्ताकाशी मंच पर राउत नाचा, ढोला मारू लोककथा और पंडवानी की सांस्कृतिक छटा बिखरी। गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर पारंपरिक लोकनृत्य राउत नाचा के लोक कलाकार केशव यादव व साथियों ने भगवान श्रीकृष्ण की नागनाथ लीला की अद्भुत प्रस्तुति दी।*




**रायपुर।** राउत नाचा के माध्यम से मंच पर लोक कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोकुल के पास यमुना नदी में रहने वाले विषैले कालिया नाग का दमन करने की लीला की जीवंत प्रस्तुति से दर्शकों का अचंभित किया। लोक कलाकारों ने श्रीकृष्ण का रूप धारण कर लीला की, जिसमें श्रीकृष्ण कालिया नाग के फन पर खड़े होकर नृत्य करते हैं और उसे यमुना छोड़ने का आदेश देते हैं, जिससे गोकुलवासी नाग के भय से मुक्त हो जाते हैं। वहीं राउत नाचा में पारंपरिक दोहे से दर्शकों का अभिवादन राउत नाचा के लोक कलाकारों ने किया। 13 सितंबर तक चलने वाले इस लोकरंग पर्व में लोककला संस्कृति के विविध रंगों की रंगारंग प्रस्तुति प्रदेश के अलग-अलग लोककला विधा के कलाकार भाग ले रहे हैं। मुक्तकाशी मंच पर प्रदेश के ख्यातिप्राप्त व युवा लोक कलाकारों को संस्कृति विभाग द्वारा मंच प्रदान किया जा रहा है। इन लोक कलाकारों को देखने व सुनने बड़ी संख्या में लोककला के प्रशंसक पहुंच रहे हैं।

### पंडवानी में कीचक वध की कथा सुन दर्शक हुए आंदोलित

पडवानी गायिका रेणु साहू ने अपनी अनूठी पंडवानी गायन शैली से मंच पर महाभारत के प्रसंगों को संगीत संगत और अभिनय के साथ प्रस्तुत किया। पंडवानी गायिका ने लोककथा के प्रसंग में भीम का पाताल लोक, कीचक वध का जीवंत प्रस्तुति से दर्शकों का आंदोलित कर दिया।

### ढोला मारू में प्रेम कथा सुन गदगद हुए दर्शक

लोक कलाकार हिमानी वासनिक ने छत्तीसगढ़ में ढोला मारू लोककथा नरवर के राजकुमार ढोला और पुंगल की राजकुमारी मारू की प्रेम कहानी को सात सुरों में पिरोकर सुनाया। ढोला मारू लोककथा राजस्थान की एक प्रसिद्ध गाथा है और छत्तीसगढ़ में भी लोकप्रिय है। लोक कलाकार हिमानी वासनिक की मधुर आवाज में गीतों के माध्यम से ढोला मारू के बचपन में हुए विवाह, राजकुमारी के वियोग, ढोली के माध्यम से राजकुमार तक राजकुमारी का संदेश पहुंचाने और फिर दोनों के पुनर्मिलन के बाद आने वाली बाधाओं, प्रेम, वफादारी और रोमांच की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर के निर्वेद ने जीता गोल्ड



**रायपुर।** रायपुर के निर्वेद कश्यप ने वाराणसी में आयोजित छठवीं नेशनल थाईबाक्सिंग चैम्पियनशिप में 40 किलो वजन श्रेणी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। थाईबाक्सिंग इंडिया, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एशोसियशन द्वारा रिकोगनाईज एवं थाईबॉक्सिंग इंडिया फेडेरेशन द्वारा यह प्रतियोगिता अनुमोदित थी। निर्वेद कश्यप अमलेश्वर स्थित शिवोम विद्यापीठ में कक्षा 9 के छात्र है।

### नेशनल टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट में खेलेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा द्वितीय सीनियर नेशनल टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप (बालक/बालिका) का आयोजन गुरुवार से जगन्नाथ स्टेडियम पुरी ओडिशा में शुरू हुआ। 14 सितम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 24 राज्यों से टीमें भाग ले रही है जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की भी टीम शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम मे खिलाड़ियों का चयन राज्य के 5 जिलों से किया गया है। टीम इस प्रकार है मयंक दिव्य (कप्तान), मीर बरेठ (उप कप्तान), आर्यन श्रीवास्तव, यश बैसवार, खुशहाल पटेल, स्वप्निल साहू, अभय कहरा, टीशु पांडे, सोनू यादव, ताकेश्वर प्रसाद, शुभम दास महंत, विनय चौधरी, सत्यम दास महंत, आदित्य पांडे, आयुष कर्ष, योगेश सिंह और समीर कश्यप है। राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक व टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के संस्थापक एस गगन सिंह, टीम के कोच आशीष राउत और प्रबंधक सागर राज राठौड़ के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ राज्य की टीम नेशनल चैंपियनशिप में भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष डॉ. कल्याण साहू, उपाध्यक्ष ललित कुमार, महासचिव एस गगन सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष राउत, सहसचिव मनीष कुमार, राज्य कार्यकारी बोर्ड सदस्य शरफराज आलम, जोसफ केरकेट्टा, भूपेश यदु ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### साईं का आवासीय ट्रेनिंग हेतु ट्रायल 15 व 16 को राजधानी में



**रायपुर।** राजधानी स्थित साईं ट्रेनिंग सेंटर में आर्चरी और वॉलीबॉल का सलेक्शन ट्रायल 15 व 16 सितम्बर को आयोजित है। बूढ़ापारा स्थित आउटडोर स्टेडियम में वही प्रतिभागी शामिल होंगे जिन्होंने राज्य स्तरीय स्पर्धा में कम से कम हिस्सा लिया हो। उक्त ट्रायल में सेलेक्ट होने वाले प्रतिभागी आवासीय स्तर पर अपने आगामी ट्रेनिंग को पूरा करेंगे। ट्रायल बॉयज और गर्ल्स दोनों के लिए है। अधिक जानकारी के लिए केसी त्रिपाठी, श्रीमती रेनू पारीक और सतीश दुबे से संपर्क कर सकते है।

### राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता आज से बालोद में



**रायपुर।** 23वीं राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 12,13 एवं 14 सितंबर को बालोद में आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 15 जिले एवं 05 यूनिट के बालक एवं बालिका खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता भारतीय भारोत्तोलन संघ के न्यू वजन वर्ग समूह में आयोजित होगी। जिसमें बालक के 08 एवं बालिका के 08 वर्ग समूह होंगे। प्रतियोगिता में 12 सितम्बर शाम 5 बजे मैनेजर मीटिंग एवं टैक्निकल मीटिंग होगी। जिसमें खेल के नए नियमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। 13 सितंबर को सुबह 07 बजे 44 किग्रा बालिका का वजन लिया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 09 बजे से प्रारंभ होगा। इसी तरह 08 बजे बालक 56 किग्रा ग्रुप का वजन ले कर 11 बजे प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। स्पर्धा का उद्घाटन दोपहर 12 बजे होगा एवं 14 सितंबर शाम 05 बजे संघ के अध्यक्ष व दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के आधार पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन के टीम का चयन किया जाएगा जो दिसंबर के तीसरे सप्ताह में मोदी नगर ( उत्तरप्रदेश ) में हिस्सा लेगी।

### नेशनल एथलेटिक 10 से ओडिशा में

**रायपुर।** 40 वी नेशनल जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन ओडिशा में 10 से 14 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष 16 वर्ष 18 वर्ष एवं 20 वर्ष के बालक/बालिका भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 14 वर्ष 16 वर्ष 18 वर्ष और 20 वर्ष के वह बालक /बालिका भाग लेंगे जो एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुताबिक पूर्व में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिए होंगे अर्थात जो क्वालीफाई हुए होंगे।

## संतुलित वजन ही बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी

# वजन बढ़ाना या घटाना समझदारी नहीं, इसे नियंत्रित रखें तो हंसते-मुस्कुराते बीतेगी जिंदगी

वजन बढ़ना या कम होना मौजूदा समय की गंभीर समस्या है जिसे कई गंभीर और क्रोनिक बीमारियों के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। अधिक वजन को हृदय रोगों, डायबिटीज और मेटाबॉलिज्म की समस्या को बढ़ाने वाला भी माना जाता है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को वजन को कंट्रोल करने की सलाह देते हैं। वहीं वजन कम होना भी कई बीमारियों की वजह है। ऐसे में कई बार लोग या तो वजन कम करने उपाय अपनाने लग जाते हैं या फिर वजन बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ कदम उठाते रहते हैं। बेहतर यही है कि हम हम वजन संतुलित रखें। वजन को नियंत्रित और संतुलित रखने के लिए उपाय करना होगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रात के समय की हमारी कुछ आदतें वजन को नियंत्रित और संतुलित करने में मदद कर सकती हैं, इनपर ध्यान दिया जाना चाहिए।



### लाइफस्टाइल को रखें ठीक

जब आप अपना वजन नियंत्रित और संतुलित रखने की कोशिश कर रहे हों, तो स्वास्थ्यवर्धक भोजन और नियमित रूप से वर्कआउट करना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके अलावा दिनचर्या में कुछ और छोटे-छोटे बदलावों पर भी सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं कि वजन को कंट्रोल करने और सेहत में सुधार के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### अच्छी नींद बहुत जरूरी

वजन नियंत्रित और संतुलित रखने की कोशिश में लगे हुए हैं तो नींद की गुणवत्ता को ठीक रखना बहुत आवश्यक है। नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए जरूरी है कि आप रोजाना एक ही समय पर सोएं और जागें। एक शेड्यूल का पालन करने से अच्छी नींद लेने में मदद मिल सकती है। गुणवत्तापूर्ण नींद लेना वजन घटाने की योजना में आपके लिए लाभकारी हो सकती है। डाइटिंग के दौरान अगर आप नींद को ठीक नहीं रखते हैं तो यह भी वजन बढ़ाने वाली हो सकती है।

### शारीरिक गतिविधि पर दें ध्यान

वजन को नियंत्रित और संतुलित रखने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दें। शाम के समय शारीरिक गतिविधि इसमें आपके लिए मददगार हो सकती है। उच्च तीव्रता वाले व्यायाम आपकी नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए हमेशा शाम के समय हल्के स्तर के ही व्यायाम करना चाहिए। बहुत देर तक वर्कआउट न करें। सोने से कम से कम एक घंटा पहले व्यायाम नहीं करना चाहिए।

### रात के भोजन का रखें ध्यान



रात के समय भोजन पर ध्यान देना वजन को नियंत्रित और संतुलित रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को हल्का डिनर करने की सलाह देते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से तेजी से वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि रात के समय हल्का भोजन करें और भोजन के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं। भोजन का समय भी वजन को कंट्रोल करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# ग्रैंडमास्टर थिप्से सिखा रहे शतरंज के गुर

**रायपुर।** राजधानी में आयोजित सात दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से सहित कई दिग्गज खिलाड़ी जुटे हैं। उद्घाटन अवसर पर थिप्से के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, प्रदेश शतरंज संघ की उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल, उपाध्यक्ष एम । चंद्रशेखर व राज्य सचिव हेमंत खुटे मंचस्थ थे। ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने इस अवसर पर कहा कि शतरंज केवल खेल तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह धैर्य और अनुशासन की कसौटी भी है। हम प्रशिक्षण के दरमियान जो भी दांव पेच सीखेंगे वो जीवन के हर क्षेत्र में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ बलराम जाखड़ का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि बलराम जाखड़ कॉलेज के दिनों में यूनिवर्सिटी चैंपियन रहे है। जिन्होंने अपनी सभी उपलब्धियों का श्रेय शतरंज को दिया । शतरंज खेलकर हम भले ही बड़ी - बड़ी स्पर्धाएं न जीते लेकिन जीवन में एक अच्छे इंसान जरूर बन सकते है । छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने प्रदेश की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम इसी माह दो और प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया था। जिसमें अंडर - 7 से अंडर - 13 आयु समूह के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस कैंप



के मुख्य प्रशिक्षक नागपुर के इंटरनेशनल मास्टर अनूप देशमुख तथा रायपुर के कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार थे। इसी तारतम्य में हमने अंडर - 15,17,19 व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों हेतु सात दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है।ग्रैंडमास्टर लेवल कैंप का आयोजन करने का मुख्य मकसद प्रदेश के खिलाड़ियों के खेल को निखारना है ताकि नेशनल स्पर्धा में खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सके। प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व फीडे मास्टर किरण अग्रवाल व राज्य शतरंज संघ के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी एम चंद्रशेखर ने भी संबोधित किया। सात दिवसीय इस शतरंज प्रशिक्षण में 20 चयनित खिलाड़ी शतरंज की बारीकियों का विधिवत प्रशिक्षण ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण के संयोजक विकास शर्मा ने तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव आनंद अवधिया ने किया।

### घर में बना रहता है तनाव, तो अपनाएं फेंगशुई के उपाय

फेंगशुई के अनुसार, दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए बेडरूम में लाल रंग के गुलाब के फूल रखने चाहिए। यदि फूल संभव न हो तो लाल रंग के गुलाब के फूल की फोटो रखने से भी लाभ होता है।



फेंगशुई के मुताबिक दांपत्य जीवन में सुख-शांति और मधुरता के लिए घर की दीवार में सफेद घोड़े की पेंटिंग लगाने से प्रेम संबंध प्रगाढ़ होता है।

फेंगशुई में भी जीवनसाथी की तस्वीर बेडरूम में लगाना शुभ बताया गया है, हालांकि, इस दौरान एक बात का ध्यान रखें कि दोनों की तस्वीर हंसते हुए होनी चाहिए।

घर में जीवनसाथी के साथ तनाव चल रहा है तो घर में परिंदों की फोटो, पेंटिंग या पोस्टर लगाना चाहिए। इससे घर में सुख-शांति का माहौल बने रहता है और जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध स्थापित होते हैं।

फेंगशुई के अनुसार घर में डॉल्फिन की तस्वीर लगाने से भी वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है। डॉल्फिन की फोटो खेलते या डांस करते हुए होनी चाहिए।



### 10 राज्यों के विद्युत कर्मियों के बीच बैडमिंटन के मुकाबले शुरू

**रायपुर ।** 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार एवं राजेश कुमार शुक्ला ने बैडमिंटन कोर्ट में शटल हिट करके किया। देश के 10 राज्यों के पॉवर कंपनियों के खिलाड़ियों के बीच हो रही इस प्रतिस्पर्धा में पहले दिन पहले और दूसरे राऊंड के मैच हुए। प्रारंभिक मैचों में काफी कड़ा मुकाबला रहा। कल टीम इवेंट के क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मैच होंगे।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एसके कटियार ने कहा कि ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिलना अपने आप में एक गौरव का विषय है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में अतिथि सत्कार का प्रमुख स्थान रहा है, हम सभी राज्यों से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं। उम्मीद है इन तीन दिनों में खिलाड़ी खेल के साथ-साथ यहां की संस्कृति, सभ्यता और पर्यटन स्थलों से रूबरू हो सकेंगे।

- टीम इवेंट का फाइनल मुकाबला केरल और तमिलनाडू के बीच होगा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंध निदेशक (पारेषण) राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि हम सबके जीवन में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल आवश्यक है। सभी राज्यों के विद्युत कंपनियां अपने अधिकारी-कर्मचारियों को इसका अवसर प्रदान करती है और उनके प्रोत्साहन व उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय स्तर भी मंच देती है। ताकि उनमें अनुशासन के साथ-साथ टीम भावना भी विकसित हो सके। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी के महासचिव व कार्यपालक निदेशक (वित्त) एमएस चौहान ने आभार प्रदर्शन किया। श्री चौहान बताया कि इसमें 10 राज्यों के 65 से अधिक खिलाड़ी व प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इसमें कर्नाटक पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटक पॉवर कार्पोरेशन, तमिलनाडू पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड, यूपी पावर कार्पोरेशन



लिमिटेड, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, आंध्रप्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, तेलंगाना ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड की टीम शामिल है। उद्घाटन समारोह में ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, कार्यपालक निदेशक (राजस्व) एसके ठाकुर, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीस, चीफ रेफरी प्रताप भट्टाचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। टूर्नामेंट का समापन 13 सितंबर को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन-जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ। रोहित यादव होंगे। अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार करेंगे। विशेष अतिथि पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर उपस्थित रहेंगे।

**टीम इवेंट केरल पहुंची फाइनल में**-पहले दिन ओपन सिंगल, ओपन डबल के साथ टीम इवेंट के मैच हुए। इसमें टीम इवेंट (मेन्स) के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल का मुकाबले रोचक रहे। छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश की टीम को 3-0 से हराया। असम की टीम ने कर्नाटक पॉवर को 3-0 से शिकस्त दी।





















शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।







शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हॉलीवुड छोड़ने के बाद 'स्ट्रेंजर थिंग्स' पर बोले डेकर , 'एक फैन की तरह देखूंगा'



नेटफ्लिक्स की मच टॉक्ड अबाउट वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है और दुनिया भर के फैंस की तरह अब इस शो के पूर्व एक्टर डेकर मोंटगोमरी भी इसके आखिरी सीजन को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। सीरीज के दूसरे और तीसरे सीजन में बिली हार्ग्रोव का किरदार निभा चुके डेकर मोंटगोमरी अब इस शो को एक दर्शक के रूप में देखने को तैयार हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि वो अब ऑस्ट्रेलिया में सुकून भरी जिंदगी जी रहे हैं। शो से थोड़ा अलग-थलग महसूस करते हैं, लेकिन फिर भी अंतिम सीजन को लेकर उनकी एक्साइटेड कम नहीं है।

30 साल के मोंटगोमरी ने इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने लंबे समय से 'स्ट्रेंजर थिंग्स' से दूरी बनाई हुई है, लेकिन अब वो एक फैन के तौर पर इसका मजा लेने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'अब मैं बस एक दर्शक की तरह शो देखूंगा और इस बात से मुझे बहुत खुशी है।' कोविड-19 के दौर में इंडस्ट्री से थोड़ा अलग हो जाने के बाद डेकर अब केवल कुछ चुनिंदा कलाकारों से संपर्क में हैं।

डेकर मोंटगोमरी ने शो में अपनी सौतेली बहन मैक्स का किरदार निभाने वाली सैडी सिंक की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सैडी एक मेहनती और प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं और उन्हें विश्वास है कि उनका करियर 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के बाद और ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने साथ ही कहा, 'सैडी के अभिनय में गहराई है और वो बहुत मेहनती हैं। उन्हें बड़े और चुनौतीपूर्ण रोल मिलते रहेंगे, इसमें कोई शक नहीं।'

### टॉलीवुड

## 'वायुपुत्र' होगी चंदू मुंडेटी की आगामी 3डी एनिमेशन फिल्म, सेलेब्स ने दी बधाई



निर्देशक चंदू मुंडेटी की नई 3डी एनिमेशन फिल्म का नाम 'वायुपुत्र' है। यह फिल्म दशहरा 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म को लेकर सेलेब्स और फैंस ने चंदू को शुभकामनाएं दी हैं। चंदू ने सोशल मीडिया पर 'वायुपुत्र' का पहला पोस्टर साझा किया और इसे अपने बचपन का सपना बताया है। साथ ही उन्होंने भगवान राम, हनुमान, ऋषि वाल्मीकि और अपने परिवार को धन्यवाद दिया। इस पोस्टर में भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान की तस्वीर साफ नजर आ रही है। वह पीठ घुमाए खड़े हैं और पूरा दृश्य आग की लपटों की वजह से और भी ज्यादा खौफनाक लग रहा है। पोस्टर में हनुमान को एक पहाड़ पर खड़े दिखाया गया है, जो लंका को जलते देख रहे हैं। इस पोस्ट के साथ चंदू ने कैप्शन में लिखा, 'वायुपुत्र - सिर्फ एक फिल्म नहीं, एक पवित्र तमाशा। इस कहानी को बताने के लिए तैयार, हमारे इतिहास की आत्मा, हमारे इतिहास के पन्ने एक बचपन का सपना। भगवान श्रीराम, भगवान हनुमान, ऋषि वाल्मीकि, मेरे परिवार का धन्यवाद, गरु का धन्यवाद। जयश्रीराम। जयहनुमान।'

चंदू मुंडेटी की आगामी 3डी एनिमेटेड फिल्म को लेकर सेलेब्स से लेकर फैंस तक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। साउथ एक्टर नागा चैतन्य ने लिखा, 'मेरे प्यारे चंदू को शुभकामनाएं.. यह ब्लॉकबस्टर लग रही है', एक फैन ने लिखा, 'आपको बहुत बहुत बधाई सर', एक और फैन ने लिखा, 'बड़े पर्दे पर एक और 'महावतार नरसिम्हा' जैसी फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार है।' 'वायुपुत्र' हनुमान की भक्ति और शक्ति की कहानी है, जो भारतीय इतिहास और संस्कृति से प्रेरित है। यह फिल्म भव्य 3डी दृश्यों के साथ आस्था और वीरता को दर्शाएगी। इसे तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज की जाएगी।

### भोजपुरी

## अक्षरा का जबरदस्त डांस वीडियो हुआ वायरल, फैंस बोले- 'फायर है'



अक्षरा सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा कोरियोग्राफर के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। उनका यह किलर अंदाज फैंस के बीच पसंद किया जा रहा है। अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा ब्लैक शाइनिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अक्षरा कोरियोग्राफर एमके गुप्ता जॉय के डांस स्टेप्स फॉलो करती दिखाई दे रही हैं। डांस रिहर्सल के आखिर में अक्षरा का क्यूट अंदाज फैंस को बेहद पसंद आ रहा है, जब उन्होंने कोरियोग्राफर की ओर इशारा करते हुए अपना डांस स्टेप खत्म किया। इस शानदार डांस वीडियो के साथ अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, 'रिहर्सल मोड BTS सुपर टेलेंटेड एमके गुप्ता जॉय।' अक्षरा के इस डांस वीडियों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'सुपर शेरनी', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत अच्छा गाना है अक्षरा जी', एक और फैन ने लिखा, 'सुपरहिट है गाना', एक और फैन ने लिखा, 'शानदार', एक और फैन ने लिखा, 'मुझे आपका गाना बहुत अच्छा लगता है', एक और फैन ने लिखा, 'फायर मैडम।'

### मेंस ज्वेलरी

### साइड स्टाइल



> यह कहना गलत नहीं होगा कि मेंस फैशन में ज्वेलरी ने पिछले कुछ समय से अपनी खास जगह बना ली है। इनमें ब्रोच, नेकलेस और रिंग स्टैक पर ज्यादा ध्यान रहता है। मॉडल्स को कई तरह के नेकलेस पहनना लगभग ज़रूरी सा लगता है, लेकिन सच कहें तो आपके पास एक बढ़िया नेकलेस होने पर कई नेकलेस पहनने की ज़रूरत नहीं है। गर्दन के खुले हिस्से या ऊपर से भारी नेकलेस पहने एक साधारण शर्ट में कुछ खास बात होती है जो वाकई कमाल की लगती है।

## पील ऑफ मास्क लगाते समय इन टिप्स को ना भूलें

स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन आपका कोई भी उपाय केवल तभी काम आता है, जब आपकी स्किन क्लीन हो। स्किन क्लीन होने पर हर प्रोडक्ट्स आपकी स्किन के भीतर तक जाता है, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिलता है। स्किन की डीप क्लीनिंग के लिए सिर्फ फेस वॉश करना ही जरूरी नहीं है, बल्कि कभी-कभी पील ऑफ मास्क को भी अप्लाई किया जा सकता है।

पील ऑफ मास्क ना केवल आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं, बल्कि उसे डीप क्लीन करते हैं। कभी-कभी पील ऑफ अप्लाई करने से स्किन ग्लो करने लगती है और टेक्सचर भी इंप्रूव होता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन के लिए बेहद लाभदायक है, लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का भी ख्याल रखना चाहिए।

### पहले स्किन को करें क्लीन



यह सच है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन को क्लीन करता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सीधे ही पील ऑफ मास्क को स्किन पर अप्लाई कर लें। हमेशा ध्यान रखें कि आप पहले अपनी स्किन को साफ करें। इससे मेकअप, गंदगी और अतिरिक्त तेल को रिमूव करने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्किन को क्लीन करने से मास्क को बेहतर ढंग से चिपकने और अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी।

### जरूर करें पैच टेस्ट

यूं तो पील ऑफ मास्क आपकी स्किन पर प्रभावी तरीके से काम करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि मास्क हर स्किन टाइप के लिए उपयुक्त हो। इसलिए, अपने पूरे चेहरे पर मास्क लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य करना चाहिए। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि पील ऑफ मास्क में मौजूद सामग्री के कारण आपकी स्किन पर किसी तरह का एलर्जिक रिएक्शन होगा या नहीं।

### सेंसेटिव एरिया से बचें

यूं तो पील ऑफ मास्क को अपने पूरे चेहरे पर लगाया जा सकता है, लेकिन जब आप इसे स्किन पर लगा रही हैं तो इसे एकसमान रूप से लगाएं। साथ ही साथ, चेहरे के सेंसेटिव एरिया जैसे आंखें, आईब्रो व लिप्स आदि से बचाकर अप्लाई करें। इससे बाद में उसे रिमूव करते समय आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है। पील ऑफ मास्क बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए जरूरी है कि आप उसे सूखने के लिए पर्याप्त समय दें। अगर वह सही तरह से सूखता नहीं है तो इससे उसे रिमूव करते समय आपको प्रॉब्लम हो सकती है।

## फंक्शन के लिए खास रहेंगे नेकलेस के नए डिजाइंस



किसी भी फंक्शन में जाने के लिए अपने लुक को हम कई तरह से स्टाइल करते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए उसकी स्टाइलिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें ज्वेलरी का रोल अहम होता है। मार्केट में आपको कई तरह की ज्वेलरी के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन किसी फंक्शन या शादी में जाने की हो तो तैयारियां कुछ ज्यादा ही करनी पड़ती हैं।



लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप स्टेटमेंट नेकपीस को स्टाइल कर सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्टेटमेंट नेकलेस के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप किसी भी शादी व फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### डायमंड डिजाइन नेकपीस



सबसे क्लासी लुक देने में मदद करती हैं डायमंड ज्वेलरी। इसमें अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के भरे गले वाले चोकर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का चोकर लगभग हर तरह के आउटफिट के साथ आकर्षक नजर आएगा। साथ ही आप चाहे तो इसके साथ में कानों के लिए छोटे साइज के स्टड्स को पहन सकती हैं या चाहे तो कानों में इयररिंग्स को स्किप भी कर सकती हैं।

### मल्टी-कलर नेकपीस

खासकर पेस्टल साड़ी के साथ इस तरह की मल्टी-कलर वाली ज्वेलरी खूबसूरत नजर आती है। वहीं इसमें आप चाहे तो पर्ल भी अलग से लगवा सकती हैं। पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी भी पेस्टल कलर के कपड़ों के साथ बेहद खूबसूरत नजर आती है। इसके अलावा डायमंड वर्क में भी आपको मल्टी-कलर में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह का चोकर आप वी-नेक या गोल नेकलाइन के साथ ही स्टाइल करें। साथ ही मीडियम साइज के इयररिंग्स भी पहन सकती हैं।

## हेयर केयर रेमेडीज इस्तेमाल करने से पहले रहिए सचेत



हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

**मिथकः नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफः** डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है। क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है। नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है। कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है, लेकिन फिर भी यह आपके बालों पर असर करेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। डॉक्टर आंचल के मुताबिक नींबू का रस फायदे से ज्यादा नुकसान करता है।

## अपर लिप हेयर रिमूवल के बाद जरूर करें ये काम

चेहरे के अनचाहे बाल किसी को अच्छे नहीं लगते हैं। अक्सर इन बालों को हटाने के लिए हम सभी वैक्स या थ्रेडिंग करवाते हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा अपर लिप हेयर इरिटेट करते हैं। ऐसे में इन बालों को समय-समय पर रिमूव करना जरूरी होता है। चूंकि चेहरे का यह हिस्सा काफी सेंसेटिव होता है, इसलिए हेयर रिमूवल के बाद स्किन की सही तरह से केयर करना बेहद जरूरी होता है। अपर लिप हेयर को सिर्फ रिमूव करना ही काफी नहीं होता है। अगर स्किन की सही तरह से देखभाल नहीं की जाती है तो इससे अपर लिप हेयर में रैशेज, जलन या फिर रेडनेस की समस्या हो सकती है।

**करें क्लींजः** एक बार अपर लिप हेयर को रिमूव करने के बाद उसे क्लींज करना जरूरी होता है। इससे आपके अपर लिप एरिया पर मौजूद किसी भी तरह के बचे हुए वैक्स को क्लीन करना आसान हो जाता है। हालांकि, जब आप अपर लिप एरिया को क्लीन कर रही हैं तो किसी भी तरह के हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करने से बचें। यह आपकी स्किन में जलन पैदा कर सकते हैं।

**कूल कंप्रेस का लें सहाराः** कूल कंप्रेस का लें सहारा अपर लिप एरिया में हेयर रिमूवल के बाद अक्सर रेडनेस या फिर हल्की जलन का अहसास होता है। जिससे आपको अनकंफर्टेबल फील हो सकता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आप



कूल कंप्रेस का सहारा लें। इसके लिए आप एक साफ कपड़ा लें और फिर उसे ठंडे पानी से गीला करके इस्तेमाल करें। आप चाहें तो फ्रिज में ठंडा किया गया जेल मास्क भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**करें मॉइश्चराइजः** अपर लिप एरिया को क्लीन करने के बाद उस एरिया को मॉइश्चराइज करना जरूरी होता है। ध्यान रखें कि वह अल्कोहल फ्री हो, अन्यथा आपको जलन का अहसास हो सकता है। अपर लिप एरिया को मॉइश्चराइज करने से स्किन को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलती है।

**मेकअप को करें अवॉयडः** अपर लिप एरिया के हेयर रिमूवल के बाद मेकअप करना अच्छा नहीं माना जाता है। खासतौर से, बालों को हटाने के बाद कम से कम 24 घंटे तक उस एरिया पर मेकअप अप्लाई करने से बचना चाहिए। दरअसल, मेकअप उस एरिया के पोर्स को क्लॉग कर सकता है।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में ट्रेंड के साथ-साथ टिप्स का जरूर रखें ध्यान

## पार्टी की शान बनना चाहते हैं तो तैयार होने के दौरान इन टिप्स का रखें ध्यान, नजरें टिकीं रहेंगी आप पर

आम तौर पर पार्टी या त्यौहार के मौके पर लड़कियां तो तैयार हो जाती हैं लेकिन लड़कों को समझ नहीं आता कि वह कैसे तैयार हों और कैसे कपड़े पहनें। हर लड़का चाहता है कि पार्टी या त्यौहार का पल जब कैमरे में कैद हो तो वह खुद भी अच्छा दिखे। ऐसे में लड़कों के लिए भी हैंडसम दिखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते आपको कुछ ऐसे टिप्स जरूर जानना चाहिए जिनको अपना कर आप भी पार्टी या त्यौहार पर हैंडसम दिख पाएंगे। अगर आप बताई गई टिप्स को फॉलो करके तैयार होंगे और ट्रेंडी कपड़े पहनेंगे तो आप पर लोगों की नजरें टिकी रहेंगी।

### करें ग्रूमिंग

पार्टी या त्यौहार के लिए तैयार होने के लिए सबसे पहले शेव करें और बालों को सही से सेट कर लें। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी।

### फेस वॉश



पार्टी या त्यौहार के लिए तैयार होने से पहले चेहरे को सही से साफ कर लें, ताकि त्वचा पर किसी तरह की गंदगी ना हो। इसके साथ ही अपने चेहरे को मॉइश्चराइज जरूर करें।

### पहनें इस तरह का आउटफिट

पार्टी या त्यौहार के मौके पर हैंडसम दिखने के लिए अगर आप चाहें कुछ अलग लुक कैरी कर सकते हैं। धोती-कुर्ता के साथ जैकेट आपके लुक को पूरा करने में मदद करेगी।

### पहन सकते हैं कुर्ता और पैंट

अगर आप धोती कुर्ता पहनना नहीं चाहते तो कुर्ता और पैंट कैरी करें। ये भी देखने में स्टाइलिश लगता है। इसे पहनकर आपकी तस्वीरें भी अच्छी आएंगी।

### जरूर पहनें घड़ी

अपने लुक को पूरा करने के लिए हाथों में घड़ी जरूर पहनें। लुक के हिसाब से ही घड़ी का चयन करें।

### फुटवियर का रखें खास ध्यान

अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए फुटवियर का ध्यान रखें। एथनिक स्टाइल वाली मोजरी खरीद कर कुर्ते के साथ पहन सकते हैं। मेंस फैशन में तैयार होते समय सही फिटिंग के कपड़े पहनें, रंगों और पैटर्न के सही कॉम्बिनेशन का ध्यान रखें, अपनी बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान दें, अच्छी क्वालिटी के एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल करें और अपनी स्टाइल को खास बनाने के लिए अपनी शख्सियत के हिसाब से ग्रूमिंग करें।



### सही फिटिंग

कपड़े चाहे महंगे हों या सस्ते, अगर उनकी फिटिंग सही है तो वे आप पर अच्छे लगेंगे ही। ढीले-ढाले या बहुत टाइट कपड़े न पहनें।